वर्ष- 22 अंक - 54 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, बुधवार 05 अगस्त 2026

## ए फॉर एप्पल नहीं अमरूद पढ़िए

**बुधवार.एजेंसी।** कथावाचाक अनिरुद्धाचार्य का एक और नया वीडियो आया है, जिसमें वो बच्चों को 'ए फॉर एप्पल' बजाए ए फॉर अमरूद पढ़ने को कह रहे हैं। उनका कहना है कि अमरुद देशी फल है।



# ट्रेन हुई धुआं-धुआं

### मची, अफरा-तफरी, 72 यात्रियों को सुरक्षित निकाला

**इटारसी ● एजेंसी**

नैनपुर-इंदौर पेंचवैली एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 19344) के बी-2 एसी कोच में आज तड़के शॉर्ट सर्किट के कारण धुआं फैलने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना इटारसी से पहले पोला पत्थर स्टेशन के पास सुबह करीब 4 बजे हुई। एसी पैनल से चिंगारियां निकल रही थीं। कुछ ही देर में कोच धुएं से भर गया, फायर अलार्म बजने लगे और लाइटें बंद-चालू होने लगीं।

समय रहते ट्रेन रोककर कोच में सवार सभी 72 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घबराए यात्री जल्दबाजी में अपना सामान तक छोड़कर कोच से बाहर निकल आए। ट्रेन भोपाल की ओर आ रही थी। बी-2 कोच पूरी तरह भरा हुआ था और अधिकांश यात्री सो रहे थे। यात्रियों को बी-2 कोच से अन्य डिब्बों में स्थानांतरित कर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

# ट्रंप को मारने का प्लान

## कार में बंदूक के साथ संदिग्ध गिरफ्तार



**लॉस एंजिल्स ● एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लॉस एंजिलिस स्थित गोल्फ कोर्स के बाहर सुरक्षा एजेंसियों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी कार्यक्रम से दो दिन पहले सुरक्षा इंतजामों की तस्वीरें और वीडियो बना रहा था। पकड़े गए शख्स की पहचान 38 वर्षीय जीनीन जॉन टेले के रूप में हुई है। आरोपी की जेब से 16 राउंड की मैगजीन और गोला-बारूद बरामद किया गया। इसके अलावा उसकी कार की तलाशी में एक लोडेड पिस्तौल भी मिली। घर में भी कई हथियार मिले। यह गिरफ्तारी ट्रंप के रिपब्लिकन नेशनल कमेटी के रात्रिभोज कार्यक्रम में शामिल होने के पहले हुई। ट्रंप लॉस एंजिलिस के दक्षिण में स्थित रैंचो पालोस वर्देस के ट्रंप नेशनल गोल्फ कोर्स पहुंचने वाले थे।

## रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं जस की तस रहेगी ईएमआई

**नई दिल्ली.एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मॉनेटरी पॉलिसी कमिटी की बैठक के नतीजों का आज ऐलान हो गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने नई पॉलिसी का ऐलान किया। इस ऐलान के मुताबिक रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। याने कि लोन की ईएमआई भी जस की तस रहेगी।**

## अब फिरोज गांधी की कब्र पर भाजपा के फूल

**प्रयागराज.एजेंसी।** रिश्तों के फूल के लिए तरस रही फिरोज गांधी की कब्रगाह पर अब सियासत के फूल चढ़ेंगे। वर्षों से जहां नेहरू खानदान का कोई नहीं पहुंचा, वहां भाजपा ने दस्तक दे दी। पिछले महीने भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल ने मम्फोर्डगंज स्थित उनकी कब्रगाह पर सिर नवाया। अब यह मुद्दा भाजपा के एजेंडे में है। सीएम योगी ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को कब्रगाह की सफाई का जिम्मा सौंपा है। परिसर का प्रबंधन पारसी समुदाय के हाथ में है।

## धारा 370 हटने के 7 साल पूरे कश्मीर में कड़ी सुरक्षा रैली-धरने पर रोक



**श्रीनगर.एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के आज 7 साल पूरे हो गए। 2019 में 5 अगस्त के ही दिन राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद आर्टिकल 370 और 35ए हटा दिया गया था। महबूबा मुफ्ती आज काला दिवस मना रही है। फिर बवाल न हो इसलिए सुरक्षा बलों ने सीमा पर बसे गांवों, संवेदनशील इलाकों और सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी है। रैली और धरने पर भी रोक लगा दी गई।

## योगी को धमकी देने वाला लंगड़ाते हुए निकला

**बरेली.एजेंसी। उत्तर प्रदेश के बरेली जिला स्थित भोजीपुरा थाना क्षेत्र में अनिल कुमार नामक व्यक्ति ने योगी को धमकी और गालियां दी थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और फिर न्यायालय में पेश किया। जब वह हवालात से बाहर निकला तो लंगड़ाता हुआ चल रहा था और माफी भी मांग रहा था।**

# झारखंड के छात्र आंदोलन में नेताओं की एंट्री पर रोक

**रांची ● एजेंसी**




रांची में सरकारी नौकरियों में कथित भ्रष्टाचार और भर्ती प्रक्रिया के विरोध में छात्रों का आंदोलन जारी है। प्रदर्शनकारियों ने अपनी आचार संहिता बनाते हुए मंच पर राजनीतिक नेताओं के आने पर रोक लगा दी है। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में सैकड़ों छात्र सरकारी नौकरियों में घूसखोरी, संगठित गिरोह और भर्ती प्रक्रिया के विरोध में 11 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं और कुछ छात्र भूख हड़ताल पर हैं। छात्रों का कहना है कि सरकार हमें जिंदा रखे या मार दे, लेकिन मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## अयोध्या के राम दरबार में वीआईपी पास खत्म

**अयोध्या.एजेंसी।** अयोध्या के राम मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रस्ट ने राम दरबार में वीआईपी पास की व्यवस्था खत्म कर दी। अब वीआईपी लोगों को भी आम लोगों के साथ लाइन में लगना होगा।

## चांदीपुरा वायरस से 22 बच्चों की मौत

**अहमदाबाद.एजेंसी।** गुजरात में चांदीपुरा वायरस से एक बार फिर हड़कंप मच गया है। इस वायरस से अब तक 22 बच्चों की मौत हो गई। गुजरात में 184 संदिग्ध केस सामने आए हैं, जिनमें 35 मरीज चांदीपुरा वायरस से संक्रमित पाए गए हैं।

## जंतर-मंतर पर धरने में घुसे थे आतंकी, 9 गिरफ्तार

**बुधवार ● एजेंसी**

अमृतसर पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर के मुताबिक दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए कथित छात्र आंदोलन में कुछ आतंकी भी घुस गए थे जो पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर बड़ी वारदात करना चाहते थे। उनके कुछ सहयोगियों ने उन्हें कुछ सामग्री भी मुहैया कराई थी, लेकिन ये आतंकी किसी साजिश को अंजाम देने में नाकाम रहे। बताया जाता है कि ऐसे 9 आतंकियों को गिरफ्तार भी किया गया है।

## आज चांद से टकराएगा स्कूल बस जितना बड़ा रॉकेट का टुकड़ा

**बुधवार.एजेंसी।** करीब डेढ़ साल से अंतरिक्ष में भटक रहा स्पेस एक्स के फाल्कन-9 रॉकेट का एक विशाल हिस्सा आज चांद से टकराने वाला है। यह स्कूल बस के आकार का मलबा हजारों किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चंद्रमा की सतह पर गिरेगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक इससे कोई खतरा नहीं है, लेकिन अंतरिक्ष कचरे के बढ़ते संकट पर नई बहस जरूर छिड़ सकती है।

## बिजली गिरने से 14 मौतें, बाढ़ से 25 मरे

**बुधवार.एजेंसी।** झारखंड में बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हुए और केरल में 1 अगस्त से लगातार बारिश ने अब तक 25 लोगों की जान ले ली है, जबकि 4 लोग लापता हैं। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और लैंडस्लाइड के कारण 252 सड़कें बंद हैं। मथुरा में भारी बारिश के बाद अंडरपास में पानी भर गया। टू-व्हीलर सवार लोग कमर तक पानी में चलते दिखे। बिहार के सासाराम में सेल्फी लेने के दौरान तीन युवक नदी के तेज बहाव में फंस गए। गांववालों ने कपड़ों की रस्सी के सहारे उन्हें बचाया। देहरादून के कालसी में अचानक रोड पर तेज बहाव आ गया, जिससे कार फंस गई।

# महापौर का अधिवक्ता संघ के साथ संवाद

### जिला कोर्ट परिसर का निरीक्षण, परिसर में स्मार्ट टॉयलेट निर्माण की घोषणा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जिला कोर्ट परिसर का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध अधिवक्ताओं से सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना तथा आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान पार्षद सुरेश टाकलकर, संघ अध्यक्ष राकेश पाल,



अधिकारी अभय राजनगांवकर, अश्विन जनवदे, राज ठाकुर एवं अधिकारी और अधिवक्ता मौजूद थे। क्रोर्ट परिसर में बंद पडे प्याऊ को शीघ्र चालू करने और उखडे हुए पेव्हर ब्लाक को ठीक कराने, सड़क की आवश्यक मरम्मत तत्काल कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर भार्गव ने आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्मार्ट टॉयलेट के निर्माण की घोषणा की। भार्गव ने अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि नगर निगम परिषद ने जनता से जो भी संकल्प और वादे किए थे, उन्हें चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिषद केवल आज के इंदौर के लिए नहीं, बल्कि आने वाले 25 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों की मजबूत आधारशिला तैयार कर रही है।

# वर्षों से जमे अधिकारी पर कार्रवाई क्यों नहीं? -जाधव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के बबलू जाधव ने बताया कि उद्यानिकी विभाग में अधिकारी लम्बे समय से कार्यरत हैं, उनकी कार्यशैली को लेकर कई शिकायतें भोपाल में विभागीय मंत्री, विभागीय मुख्य सचिव, सचिव को भी भेजी गई थी। बबलू जाधव ने कहा कि अलग-अलग शिकायतें और आपत्तियां भेजने और उठाने के बावजूद लम्बे समय से स्थापित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे उद्यानिकी विभाग की कार्यप्रणाली निष्पक्षता और पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े जाधव ने किए हैं। कई शिकायतें अनियमितता की भोपाल में की गई है, फिर भी ठोस कार्रवाई आज कत लम्बे समय से जमे अधिकारियों पर नहीं की गई है। जाधव ने कहा कि जिनके खिलाफ कई बार शिकायतें की गई है उनकी गोपनीय जांच भी होना चाहिए और उन्हें पद से हटाकर दूसरी जगह भेजा जाना चाहिए। उक्त पूर्ण जानकारी किसान नेता बबलू जाधव ने सिटी ब्लास्ट को आरोप के साथ दी।

# जीत से उत्साहित पटवारी ने सिंघार के साथ की दिल्ली शिरकत



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कल दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस संगठन के महासचिव केसी वेणुगोपाल से संगठनात्मक विषय पर चर्चा की। दतिया विधानसभा उपचुनाव जीतने से उत्साही पटवारी ने कल दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और विधानसभा



में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ मिलकर यह बैठक दिल्ली में आयोजित की।

## बारबर एसोसिएशन के आयोजन में जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पश्चिम बारबर एसोसिएशन द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव के आयोजन में संस्था के पदाधिकारी, सदस्य और समाजजन मौजूद रहे। वहीं जनप्रतिनिधि के रूप में विधायक रमेश मेंदोला, पार्षद सोनाली विजय परमार, पार्षद



राधाकृष्ण जायसवाल, पूर्व पार्षद दिलीप मिश्रा, भूपेन चौहान, जीतू परमार,मुकेश केलबा, जगदीश सेन, नारायण सेन, वीरू सेन, जनार्दन विश्वकर्मा अतिथि के रूप में मौजूद रहे। श्री 1008 सेनाचार्य स्वामी अवलानन्दगिरिजी महाराज का सान्निध्य मिला।

## पार्षद ने कराया शिक्षण सामग्री वितरण आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शासकीय स्कूल कुलकर्णी नगर में क्षेत्रीय पार्षद जीतू यादव जाटव ने विद्यार्थियों के लिए शिक्षण सामग्री वितरण और स्नेह भोज का आयोजन कराया। कार्यक्रम में अतिथि विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, कमल चौहान, दीपक कर्दम सहित अन्य भी मौजूद रहे।





## मंत्री परमार के आज इंदौर में कार्यक्रम

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। उच्च शिक्षा मंत्री इन्दरसिंह परमार आज इंदौर में हैं। वे जीएसआईटीएस कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं। कार्यक्रम के बाद वे दोपहर 2 बजे डेली कॉलेज में यंग थिंकर्स फोरम के कार्यक्रम में शामिल होंगे। परमार अपरान्ह 4 बजे इंदौर से भोपाल के लिये रवाना होंगे।



# गौरव को ताकत मिलने से नगर भाजपा में बढ़ गया तनाव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**भारतीय जनता पार्टी के पूर्व शहर अध्यक्ष और वर्तमान में प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे को भाजपा संगठन के द्वारा ताकत दिए जाने के कारण इंदौर शहर भाजपा में तनाव की स्थिति हो गई है। भाजपा के अंदरूनी समीकरण गड़बड़ा गए हैं।**





हाल ही में दतिया के विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। जिस दिन चुनाव परिणाम आया उसी दिन पराजित प्रत्याशी ने सेबोटेज होने का आरोप लगाया। इस क्षेत्र से भाजपा के द्वारा पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा का टिकट काट दिया गया था। इसके बाद शुरुआत में मिश्रा और उनके समर्थकों ने पार्टी संगठन के फैसले का विरोध किया था। बाद में इस फैसले को स्वीकार करते हुए पार्टी के प्रत्याशी को जीताने में ताकत लगाने की घोषणा की थी। जब चुनाव परिणाम सामने आए तब यह स्पष्ट हो गया कि मिश्रा और उनके साथियों ने पार्टी के प्रत्याशी का साथ नहीं दिया। इस स्थिति में भाजपा के द्वारा कल ही एक जांच कमेटी बनाई गई। इस जांच कमेटी में इंदौर शहर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष गौरव रणदिवे को लिया गया।

इस जांच कमेटी ने कल से ही काम शुरू कर दिया और अपनी पहली अनुशंसा भी पार्टी को भेज दी। इस अनुशंसा के आधार पर दतिया की जिला इकाई को भंग करते हुए सभी पदाधिकारी को पद से हटा दिया गया है। ध्यान रहे कि इन सभी पदाधिकारी ने मिश्रा का टिकट काटे जाने का विरोध करते हुए सड़क पर प्रदर्शन किया था। इसके साथ ही इन पदाधिकारी के द्वारा पार्टी के प्रत्याशी का विरोध किए जाने की हकीकत सामने आ गई थी। जांच समिति के द्वारा गठन के साथ ही तेज गति के साथ काम शुरू कर दिए जाने से इस बात का संकेत मिल गया कि भाजपा संगठन ने इस मामले को कितना गंभीरता से लिया गया है। इस पूरे मामले में भाजपा की ओर से गौरव को जो ताकत दी गई है उससे भाजपा की नगर इकाई के समीकरण बिगड़ गए हैं। ध्यान रहे कि गौरव और वर्तमान नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के बीच अत्यंत द्वेषपूर्ण संबंध है। दोनों एक दूसरे को देखना भी पसंद नहीं करते हैं। गौरव के समर्थकों को नगर अध्यक्ष के द्वारा नजरअंदाज करने का काम किया जाता है। ऐसे में गौरव के ताकतवर होने से अब भाजपा की नगर इकाई के समीकरण बिगड़ना शुरू हो गए हैं।

## प्रदेश कांग्रेस और शहर कांग्रेस में गुंडों और ड्रग माफियाओं का गठबंधन -मिश्रा

### *कांग्रेस प्रवक्ता ने किया पलटवार, सुमित मिश्रा को हो गया था गांजा का ओवर डोज*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पांच दिन पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के घर पर नगर निगम चुनाव को लेकर बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और विधानसभा 3 के प्रभारी पिंटू जोशी के बाच मुद्दे पर तकरार हुई थी और उसी बैठक के दौरान बाहर हवा यह भी फैली थी कि दोनों के बीच हाथापाई और कुर्सी चलने की नौबत भी आई थी, जिसका कांग्रेस कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग ने खंडन भी किया था और कहा था कि मुद्दे पर आधारित दोनों के बीच चर्चा हुई थी, किसी तरह की कोई हाथापाई की नौबत नहीं बनी थी, लेकिन कल भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने इस मामले को नया मोड़ दे दिया और चिंटू चौकसे को गुंडा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को ड्रग वालों का साथी बता दिया। मिश्रा ने पटवारी को ड्रगिस्ट और चिंटू चौकसे को गुंडिस्ट तक की उपाधि दे डाली और चिंटू चौकसे को तो जमकर अपने बयान में सुमित मिश्रा ने जमकर लपेटा और कहा कि चिंटू चौकसे अवैध पिस्टल भी रखते हैं और जब जिम जाते हैं तो स्ट्रायरेड भी लेते हैं और

**चिंटू चौकसे बोले- मैं इस मामले में कुछ नहीं बोलूंगा**

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खिलाफ भी गलत भाषा का उपयोग करते हैं। मिश्रा ने यहां तक कहा कि पटवारी की मौजूदगी में मीटिंग में चिंटू चौकसे ने हृदय का इलाज करवाकर आए पिंटू जोशी को कुर्सियां मारी और चाटे ही चाटे मारे। कुल मिलाकर कल सुमित मिश्रा के बयान के बाद कांग्रेसियों का गुस्सा भाजपाई नगर अध्यक्ष पर भी नजर आया। इधर चिंटू चौकसे से सुमित मिश्रा के बयान के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि मैं उनके बयान पर कोई पलटवार नहीं करूंगा, लेकिन कांग्रेस की ओर से प्रवक्ता लोकेश हार्डिया ने छोटा और आरोप वाला बयान जारी किया और कहा कि सुमित मिश्रा गांजा लेते हैं और कल गांजा का ओवर डोज मिश्रा ने ले लिया, जिससे उन्होंने चिंटू चौकसे के खिलाफ जो बयान दिया वह गलत है। हार्डिया ने यहां तक कहा कि यह बयान भाजपा नगर अध्यक्ष के पद पर गरिमामय वाला नहीं है, भाजपाइयों को सुमित मिश्रा को रेहब सेंटर (नशा मुक्ति केन्द्र) ले जाकर भर्ती कराना चाहिए, अगर भाजपाइयों के पास पैसों की कमी है, तो हार्डिया ने कहा कि मैं रेहब सेंटर का पैसा देने को तैयार हूं। कुल मिलाकर दोनों ओर से बयान जारी हुए, लेकिन पहला बयान भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने चिंटू चौकसे पर दिया था और बाद में कांग्रेस की ओर से प्रवक्ता लोकेश हार्डिया ने बयान जारी किया। अब कांग्रेसी सुमित मिश्रा के बयान के बाद नाराजगी दिखा रहे हैं, कुछ कांग्रेसी बोले कि हम मिश्रा को सद्बुद्धि के लिए यज्ञ भी करेंगे, तो कुछ बोले कि हम माँ अहिल्या, गांधी प्रतिमा के समक्ष सद्बुद्धि की गुहार भी लगाएंगे।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष के बाद आज शहर अध्यक्ष दिल्ली में तलब

### रिपोर्ट कार्ड पर हुई चर्चा, आगामी चुनाव में देना है विजय का परिणाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस आलाकमान के निर्देश पर अ.भा. कांग्रेस संगठन महामंत्री वेणुगोपाल ने प्रदेश कांग्रेस के अन्तर्गत लगने वाले सभी जिला और शहर अध्यक्षों को कल बारी-बारी से बुलाकर उनकी रिपोर्ट कार्ड पर चर्चा की। कांग्रेस संगठन ने भी भाजपा की तर्ज पर एप बना रखा है और उस एप पर सभी शहर और जिला अध्यक्षों को रिपोर्ट कार्ड सबमिट करना होता है। कल जहां करीब 38 जिला अध्यक्षों की बैठक दिल्ली में हुई थी जिसमें इंदौर के जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े भी शामिल हुए थे और उन्होंने अपनी रिपोर्ट कार्ड पेश की थी। वेणुगोपाल ने यही कहा कि पहले से ठीक संगठन का काम चल रहा है। भाजपा सरकार के खिलाफ लगातार मुद्दे उठाए जाए, कोई भी जनता का मुद्दा छूटे नहीं और आगामी चुनाव में अच्छे परिणाम कांग्रेस को देना है। इन्दिरा भवन कांग्रेस दिल्ली मुख्यालय पर कल के बाद आज भी प्रदेश के शहर और जिला अध्यक्षों की बैठक हो रही है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे आज वेणुगोपाल के समक्ष रूबरू हो रहे हैं और एप पर दी गई जानकारी के अलावा सीधी चर्चा भी संगठन मुद्दों पर कर रहे हैं।

## कांग्रेस ने की निगम प्रदर्शन को लेकर पार्षद और ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर कांग्रेस और निगम में नेताप्रतिपक्ष और पार्षदों द्वारा मिलकर 19 अगस्त को नगर निगम पर प्रदर्शन किया जाएगा। इसी निगम प्रदर्शन मुद्दे पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने गांधी भवन में कल दो बैठक आयोजित की। पहली बैठक पार्षदों की थी और दूसरी बैठक ब्लॉक अध्यक्षों की आयोजित की गई। दोनों ही बैठक एक मुद्दे पर चली कि नगर निगम पर भाजपा परिषद के जो चार साल निकले हैं उसकी कमजोरी को लेकर 19 अगस्त को जो प्रदर्शन किया जाएगा। उसमें कांग्रेसी पार्षद ज्यादा से ज्यादा अपने वार्डों से भीड़ लेकर पहुंचे और इधर ब्लॉक अध्यक्षों को भी यही निर्देशित किया गया कि ब्लॉक के अन्तर्गत आने वाले मंडलम और बूथ से ज्यादातर कांग्रेसी और रहवासी भी इस प्रदर्शन में शामिल होवे।

## अनुराग यादव आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य नियुक्त



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री एवं इंदौर के सक्रिय युवा नेता अनुराग यादव को पार्टी की राष्ट्रीय परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर इंदौर सहित मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अनुराग यादव को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी संगठनात्मक क्षमता, जनसेवा के प्रति समर्पण और लगातार सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। इससे मध्यप्रदेश में पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा जनता के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर अनुराग यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## 4 साल के जश्न में भाजपा की गुटबाजी हो गई उजागर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कल निगम परिषद के और अपने महापौर के चार साल के कार्यकाल को लेकर रिपोर्ट कार्ड जारी किया। महापौर ने मीडिया से चर्चा के लिए वार्ता भी आयोजित की थी। इसमें महापौर परिषद के सभी सदस्यों को भी बुलाया गया था। जब पत्रकार वार्ता शुरू हो रही थी तब महापौर परिषद के सदस्य के रूप में निरंजनसिंह चौहान, राजेश उदावत और आश्विन शुक्ला ही मौजूद थे। बाद में अभिषेक शर्मा बबलू, मनीष शर्मा और फिर सबसे अंत में राजेंद्र राठौड़ पहुंचे। इस आयोजन में भाग लेने के लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 के महापौर परिषद के दोनों सदस्य राकेश जैन और प्रिया डांगी नहीं पहुंचे। इन दोनों सदस्यों ने इस आयोजन से दूरी बनाकर रखी। ध्यान रहे की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक चार में क्षेत्रीय विधायक मालिनी गौड के यह दोनों सदस्य समर्थक हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में महापौर और विधायक के बीच में शक्ति प्रदर्शन की स्थिति है। इन दोनों सदस्यों के द्वारा परिषद के पूरे कार्यकाल के दौरान अपने अधिकार नहीं मिलने को लेकर शिकायत की गई है। कुल मिलाकर कल मीडिया से चर्चा में भी भाजपा की गुटबाजी नजर आई।

## युवा मोर्चा अध्यक्ष की खीचतान में अब पिंगले की शिकायत भोपाल पहुंची

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष पद को लेकर करीब एक दर्जन युवा भाजपाई दावेदार है और इन सभी में आपसी खीचतान और अंदरुनी गुटबाजी कई माह से चल रही है। एक-दूसरे की शिकायतें की जा रही है। अध्यक्ष पद की दौड़ में वर्तमान महामंत्री मयूरेश पिंगले भी है, जिनके खिलाफ शिकायतें भाजपा प्रदेश कार्यालय और युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष को भी भेजी गई है, इसमें कई तरह की जानकारी भी दी गई है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा नगर अध्यक्ष ने 11 नामों की पैनल भोपाल भेजी थी, जिसमें सभी गुटों का समावेश किया गया था। मिश्रा ने विवाद से बचने के लिए 11 नामों को एक साथ भेजा था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अभी 15 जिलों में अध्यक्ष की नियुक्तियां कर दी है, लेकिन इंदौर के मामले में सर्वसहमति नहीं बन पा रही है इसलिए नियुक्तियां रूकी हुई है। पहले कांग्रेस परिवार से पिता के जुड़े की पृष्ठभूमि को लेकर अक्षांशु तिवारी की भी शिकायतें भोपाल गई थी। अलग-अलग दावेदारों की अलग-अलग शिकायतें भोपाल पहुंच रही है और अब पिंगले की शिकायत भोपाल पहुंची है।

राजनीतिक खबरें देखें पेज 4 पर भी

# क्लाथ मार्केट में लगेगा टेक्सटाइल ट्रेड फेयर

## सितम्बर माह में पांच दिवसीय मेले में मिलेंगे कई उपहार

### *समितियों का गठन हुआ*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**होलसेल कपड़ा बाजार में अगले माह के अंत में टेक्सटाइल ट्रेड फेयर लगाया जाएगा। इसके लिए समिति का गठन भी हो गया है। जल्द ही पांच दिवसीय व्यापार मेले की तारीखों की घोषणा होगी। इसके अलावा मार्केट के विकास से जुड़ी अन्य समितियों का गठन भी किया गया।**

क्लाथ मार्केट की नई कार्यकारिणी का गठन हो गया है। इसकी पहली बैठक भी सम्पन्न हुई जिसमें मार्केट और व्यापार विकास की समितियों का गठन किया गया। व्यापार विकास समिति में मनोज नीमा और राजेश नाहटा को संयोजक बनाया गया। मंत्री कैलाश मूंगड़ ने बताया कि सितम्बर माह के अंत में श्राद्ध पक्ष में पांच दिवसीय टेक्सटाइल ट्रेड फेयर क्लाथ मार्केट परिसर में लगाया जाएगा। इसमें कई उपहार की स्कीम खरीददार व्यापारियों को मिलेगी। उल्लेखनीय है कि पहले भी टेक्सटाइल ट्रेड फेयर का आयोजन क्लाथ मार्केट परिसर में किया गया था जिसका व्यापारियों को अच्छा लाभ मिलेगा। दरअसल श्राद्ध पक्ष में ग्राहकी कमजोर रहती है ऐसे में टेक्सटाइल ट्रेड फेयर में एक ओर जहां खरीददार व्यापारियों को स्कीम का फायदा होगा वहीं दूसरी ओर क्लाथ मार्केट के दुकानदारों को भी मंदी के समय व्यापार से आक्सीजन मिलेगी। इसके अलावा साफ-सफाई, यातायात, चौकीदार और सुविधाघर के लिए भी समितियां बनाई गई है, इन समितियों में कार्यसमिति सदस्य शामिल है।



# हर घर झंडा और पौधारोपण के लिए भाजपाइयों की बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विधानसभा एक के गुरु टेकचंद मंडल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। राम कश्यप ने बताया कि बैठक में आगामी हर घर झंडा और 9 अगस्त को होने वाले पौधारोपण कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई।

# भाजपा में वापसी की उम्मीद पर बोले जीतू...जो करना है मिश्रा करेंगे

## बोले मैं तो अब भी खुद को भाजपा में ही मानता हूं

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कुलकर्णी नगर स्थित शासकीय विद्यालय में पार्षद जीतू यादव (जाटव) द्वारा शिक्षण सामग्री वितरण और भोज का आयोजन किया विधायक, नगर अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में पार्षद यादव ने भाजपा में वापसी की उम्मीद जताते हुए कहा कि अब जो करना है नगर अध्यक्ष को करना है। उन्होने यह भी कहा कि मैं स्वयं को भाजपाई ही मानता हूं।

पार्षद कमलेश कालरा से हुए विवाद के बाद मामले में पूर्व एमआईसी सदस्य जीतू यादव का नाम सामने आया था। जिसके बाद भाजपा से निष्कासित कर दिया गया था। वैसे तो यह निष्कासन 6 वर्ष के लिए है लेकिन जीतू यादव को इस विवाद मामले में राहत मिल गई है। इसी के बाद से उनकी भाजपा में वापसी की उम्मीद बन गई है। जीतू यादव पहले भी बोल चुके है कि वे पार्टी से बाहर नहीं हुए है, उन्हें पार्टी ने बाहर किया है, वे स्वयं को भाजपा में ही मानते है। कल हुए कार्यक्रम में उन्होने क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय सहित कई भाजपा पदाधिकारी की मौजूदगी में कहा कि अब जो भी करना है नगर अध्यक्ष को करना है, उन्होंने उनकी वापसी की गेंद सुमित मिश्रा के पाले में डाल दी है।

### दोनों एमआईसी नहीं पहुंचे

जीतू यादव द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भले ही क्षेत्रीय विधायक शामिल हुए लेकिन कई भाजपा नेता ने इस कार्यक्रम से दूरी बनाई। एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर और मुन्नालाल यादव कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। वे महापौर द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में मौजूद थे, इसके बाद उन्होंने दाल-बाफला पार्टी से दूरी बनाते हुए पत्रकारों के साथ ही भोजन किया।



# छप्पन के पैदल पुल पर बिकने लगे कपड़े और जूते

## हालात यह हो गए कि चलने की जगह नहीं बची

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरी ओर फुटपाथ पर अस्थायी दुकान लगाकर कब्जा जमाने वाले नया ठिया खोजने में पीछे नहीं रह रहे है। छप्पन दुकान और अपोलो टावर के बीच बने पैदल ब्रिज पर कपड़े और जूते बिक रहे है। सड़क पर कब्जा करने वाले हौसले बुलंद हो चुके है। अपोलो टावर के बाहर से नगर निगम द्वारा हटाए गए अस्थायी दुकानदारों के बाद अब पैदल ब्रिज पर कपड़े और जूते की दुकाने लगने लगी है। इस ब्रिज की चौड़ाई करीब 8 फीट है। ऐसे में टेबल और कपड़ों के स्टैण्ड लगाकर ब्रिज की हालत ऐसी बना दी है कि पैदल चलने की जगह ही नहीं बची है। जिम्मेदारों को फिलहाल इसकी भनक नहीं है या सांठगांठ से यह दुकानें लगाई जा रही है। इसको लेकर चर्चा है। बताया जा रहा है कि शनिवार और रविवार को पैदल पुल पर स्टाल की संख्या बढ़ जाती है।

# बर्फानी धाम के पास से 10 गुमटियों का मार्केट हटाया



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा आज सुबह एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए बर्फानी धाम के पास से 10 गुमटी का मार्केट हटाया गया। यह मार्केट जिस जमीन पर बना हुआ था वह मैनेजमेंट एसोसिएशन की जमीन है। इस संगठन के द्वारा नगर निगम आयुक्त को इस बारे में शिकायत की गई थी। इस शिकायत के आधार पर आयुक्त के द्वारा जांच कराई गई। इस जांच में यह पाया गया कि कुछ लोगों के द्वारा संगठन की जमीन पर कब्जा कर गुमटी लगा ली गई है। नगर निगम की टीम के द्वारा आज सुबह कार्रवाई करते हुए इस स्थान पर लगी हुई 10 गुमटी हटाई गई। निगम के द्वारा इन गुमटी लगाने वालों को कल इस बात की सूचना दे दी गई थी कि आज इनकी गुमटी हटा दी जाएगी। आज नगर निगम के द्वारा जब यह कार्रवाई की जा रही थी तब इन लोगों के द्वारा इस कार्रवाई का विरोध किया गया। इन लोगों का कहना था कि उनका जीवन यापन इसी स्थान से होने वाली कमाई से होता है। इनके द्वारा नगर निगम से वैकल्पिक स्थान की मांग भी की गई। नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा कोई भी वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया गया।

# शहर की सड़कों के गड्ढे भरने पर निगम खर्च करेगा एक करोड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम के द्वारा शहर की सड़कों के गड्ढे भरने के कार्य पर एक करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। निगम की ओर से एक करोड़ के खर्चे से यह काम करने के लिए पहल शुरू कर दी गई है। ध्यान रहे कि इस समय इंदौर शहर के नागरिक सड़कों के गड्ढे से बेहद परेशान है। शहर में एक भी सड़क ऐसी नहीं है जो की गड्ढा विहीन हो। हर सड़क पर इतनी बड़ी संख्या में गड्ढे हो गए हैं कि वाहन चालकों के लिए वाहन लेकर सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है। बारिश के मौसम में जब पानी गिरता है तो फिर सड़क पर पानी जमा हो जाता है। ऐसे में वाहन चालक को यह मालूम ही नहीं पढ़ पाता है कि सड़क पर भरे हुए पानी के नीचे सड़क है या गड्ढा है। इस स्थिति के कारण बहुत सी दुर्घटनाएं होती है। इस स्थिति को बदलने के लिए नगर निगम के द्वारा एक करोड रुपए खर्च कर इन सभी सड़कों का पैच वर्क करवाने का काम किया जाएगा। इस काम के लिए निगम के द्वारा एजेंसी के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है।

# पानी की नई 40 टंकी का काम शुरू करने का लक्ष्य-महापौर

## 4 साल में वह हर काम किया जिसे करने का वादा किया था

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा है कि हमने इंदौर शहर के नागरिकों से जिस काम को करने का वादा किया था ऐसे हर काम को 4 साल की अवधि के दौरान करके दिखाया है। अब हमें इंदौर में 40 नई पानी की टंकी के निर्माण के काम को शुरू करना है।

उन्होंने कल पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मैं इंदौर की जनता से माफी मांगता हूं। यह माफी में जनता से उन्हें हो रही असुविधा के लिए मांग रहा हूं। इस समय इंदौर शहर में मास्टर प्लान की 24 सड़कों और विभिन्न स्थानों पर 22 ब्रिज के निर्माण का कार्य चल रहा है। इन ब्रिज का निर्माण अलग-अलग विभागों के द्वारा किया जा रहा है। जब भी कोई विकास का काम होता है तो उसके कारण निश्चित तौर पर लोगों को परेशानी होती है। इस परेशानी के बाद में जब काम पूरा हो जाता है तो फिर सुविधा भी लोगों को उतनी ही मिलती है।

उन्होंने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल के दौरान 25 साल के बाद के इंदौर का सपना देखा है। इस सपना के अनुसार उस समय की इंदौर की आवश्यकताओं की पूर्ति की पहल हमने अपने कार्यकाल में की है। इंदौर शहर में मकानों की संख्या 3.85 लाख थी जो कि अब बढ़कर 8.11 लाख हो गई है। अब इंदौर शहर का क्षेत्रफल 274 स्क्वायर किलोमीटर का हो गया है। ऐसी स्थिति में इंदौर की जनता की पानी की आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत बहुत सारे काम किए जा रहे हैं। हम नर्मदा पेयजल योजना का चौथा चरण भी ला रहे हैं। अभी इंटकवेल के निर्माण का काम शुरू हो गया है। इसके साथ ही ट्रीटमेंट प्लांट का भी निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इंदौर नगर निगम के द्वारा 1600 करोड रुपए का लोन लिया जाएगा। इस लोन में हम 1000 करोड रुपए का ब्लू बांड भी ला रहे हैं। इसके पहले हम ग्रीन बांड ला चुके हैं। शहर में ड्रेनेज के पानी के ट्रीटमेंट के लिए व्यवस्था को दुगना किया गया है। बड़ी संख्या में कॉलोनी में ड्रेनेज की लाइन डालने का काम किया जा रहा है। हमने अवैध कॉलोनी को वैध करने का काम भी प्राथमिकता के साथ किया है। उन्होंने कहा कि पहली बार इंदौर में मोबाइल से ऑपरेट होने वाली स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। अभी तक शहर में एक लाख से ज्यादा एलईडी की नई स्ट्रीट लाइट लगा दी गई है। इन स्ट्रीट लाइट की विशेषता यह है कि कभी भी मोबाइल फोन के माध्यम से ही इस लाइट को चालू अथवा बंद किया जा सकता है। नागरिकों की समस्याओं के समाधान को हमारे द्वारा प्राथमिकता दी गई। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव के समय पर हमने शहर की जनता से जितने वादे किए थे उतने सारे वादे पूरे कर लिए हैं। सड़क पर घूमने वाले श्वान की समस्या का समाधान हम नहीं कर सके हैं। इसमें बहुत सारी समस्याएं आ रही हैं। हमारे द्वारा इंदौर को आने वाले कल की तैयारी के हिसाब से तैयार करने का काम किया गया है।

# गीले कचरे की मात्रा रोजाना 300 टन बढ़ी

## पहले 500 टन रोजाना तो अब 800 टन पर पहुंचा आंकड़ा
## डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन का इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं हुआ विकसित
## 10 साल पुराने इंफ्रास्ट्रक्चर पर चल रहा सिस्टम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर से निकलने वाली गीले कचरे की मात्रा डेढ़ गुना से अधिक हो गई है जिसके कारण इसके निस्तारण की चिंता बढ़ने लगी है। इंदौर नगर निगम सीमा से 2023-2025 के बीच यह इजाफा तेजी से हुआ है। साल 2022 तक इंदौर शहर से प्रतिदिन 500 से 650 टन प्रतिदिन तक गीला कचरा निकला करता था लेकिन अब यह बढ़कर 750 से 850 के बीच में प्रतिदिन निकल रहा है। बारिश और सर्दियों में इसकी मात्रा 800 से अधिक प्रतिदिन रही है।

शहर में गीले कचरे की मात्रा बढ़ने का मुख्य कारण शहर का विस्तार और नई कॉलोनियों का निर्माण होना है। इसके अलावा बीते सालों में शहर की जनसंख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई है। नगर निगम सीमा के 29 गांव में जो जमीन खाली पड़ी थी वहां कालोनियां विकसित हो चुकी है। लोग यहां रहने आ चुके हैं इस कारण से गीले कचरे की मात्रा में बेतहाशा वृद्धि हो चुकी है। मामले में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि इंदौर शहर में पहले 486000 संपत्तिकर के खाता हुआ करते थे अब यह बढ़कर 8 लाख 11000 के करीब पहुंच गए हैं। यही कारण है कि गीले कचरे की मात्रा अचानक बड़ी हुई है इसके निस्तारण के प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम में गीले कचरे की मात्रा तो बढ़ी है, लेकिन इसके निस्तारण हेतु संसाधनों में वृद्धि और विस्तार नहीं हुआ है, जिसके चलते कई मानकों का पालन नहीं हो रहा है। बीते 10 सालों में नगर निगम ने डोर टू डोर कचरा गाड़ियों की संख्या नहीं बढ़ाई 560 कचरा गाड़ियां अभी साल 2017 से चलाई जा रही है। कचरा गाड़ियों पर गीले कचरे का बोझ बढ़ा है 2 से 3 राउंड में कचरा कलेक्शन हो रहा है। इसके अलावा खुले में कचरा लगातार फेंका जा रहा है जिससे शहर की स्वच्छता पर दाग लग रहा है खाली प्लॉट पर कचरा डंप किया जा रहा है। डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन गाड़ी का समय भी 10 सालों में निश्चित नहीं हो पाया, ना ही कोई ऑनलाइन सिस्टम बना है जिससे लोग यह ट्रैक कर सके कि गाड़ी कब आएगी और उसमें कचरा डाला जा सके। इस मामले में नगर निगम की ऑन डिमांड कचरा कलेक्शन योजना भी असफल साबित हुई है।

### उपलब्धि बताई, सवालों से बचे

बिगड़े हुए इस वेस्ट कलेक्शन सिस्टम को सुधारने के सवाल पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव सवाल को टालते नजर आए और बीते 4 सालों की अपनी उपलब्धि गिनाने के दौरान जब सफाई को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने इस पूरे सवाल का जवाब देने की बजाय उसे टालना उचित समझा। मामले में साकेत निवासी राजेश मेहता कहते हैं कि फिलहाल इंदौर देश का नंबर वन शहर है और हर साल गार्बेज फ्री सिटी का अवार्ड लेता आ रहा है। इसके बावजूद भी कालोनियों में कचरा डंप होता दिखाई दे रहा है, साल 2014 के पहले सड़कों पर कचरा ढेरियां लगी दिखाई देती थी वह दिखाई देने लगी है।

# 12 घंटे में इंदौर में चार नेत्रदान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**कल शाम को 12 घंटे की अवधि के दौरान इंदौर में चार नेत्रदान संपन्न हो गए। इसके माध्यम से जरूरतमंद लोगों को नई आंखें मिल सकी।**

नेत्रदान अभियान में लगी संस्था मुस्कान से मिली जानकारी के अनुसार कुमारी रिद्धिका राठौड़, सरदार त्रिलोचन सिंह, दिलीप मेहता व महेश हर्निया के निधन पर उनके परिवार जनों के द्वारा नेत्रदान किया गया। ये लोग इस संसार में नहीं रहे। सभी परिवार जनों ने दुख की घड़ी में परमार्थ के भाव से नेत्रदान का कार्य संपन्न किया। इनमें से दो नेत्रदान एम वाय आई बैंक एवं दो नेत्रदान एम के इंटरनेशनल आई बैंक में





जीतू बगानी, गोपाल सिरोके, डॉ. नीतू कोरी एवं डॉ. प्रतिभा के तकनीकी सेवाओं द्वारा संपन्न हुए।

इसके साथ ही दिलीप मेहता के त्वचादान चोइथराम स्किन बैंक में जयवंत निकम की तकनीकी टीम द्वारा प्राप्त किए गए। समन्वय सेवा सत्यनारायण पटेल, तरुण पाहवा, धर्मेंद्र कोठारी एवं कपिल राठौड़ द्वारा प्राप्त हुई। इंदौर में कार्यरत तीन आई बैंक, एक स्कीन बैंक की सशक्त तकनीकी उपलब्धता से यह संभव हो सका। जो नेशनल गन किए गए वह नेत्र तत्काल जरूरतमंद मरीजों को लगा दिए गए। इसके परिणाम स्वरूप इन मरीजों के जीवन में अंधेरे के बीच में प्रकाश की किरण आ गई। अंगदान के क्षेत्र में इंदौर के द्वारा लगातार कीर्तिमान बनाया जा रहा है। मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा अंगदान इंदौर में होते हैं। इसके साथ ही नेत्रदान और त्वचा दान का सिलसिला भी अब बढ़ता जा रहा है। लोगों में इस बात की जागरूकता आ रही है कि हम इस दुनिया से जाते हुए दूसरे के जीवन में रोशनी देते हुए जाएं।

# 5 ढाबा और एक अहाता पर कार्रवाई, गैस सिलेंडर जब्त



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आम्बेडकर नगरी महू क्षेत्र के 5 ढाबा और 1 अहाता पर कार्रवाई की गई। इन्हें अवैध कब्जाधारी के रूप में प्रशासन ने हटाया। प्रशासन के पास अवैध शराब बिक्री और अहातों की शिकायतें आई थी। एसडीएम राकेश परमार के मार्गदर्शन में अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर संयुक्त अभियान चलाया। अवैध शराब भी जब्त की गई और यहां उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर को भी कब्जे में लिया गया। तहसीलदार विवेक सोनी, नायब तहसीलदार राधा वल्लभ धाकड़, अनिल मेहता, दिलीप द्विवेदी, महादेव मुवेल सहित अधिकारियों का अमला मौजूद रहा। वहीं बालाजी धाम कालोनी के रहवासियों ने भी शिकायत की थी कि लम्बे समय से अवैध शराब का कारोबार संचालित हो रहा है इस पर भी कार्रवाई की गई।



# खजराना पुलिया होगी 63 लाख से चौड़ी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नगर निगम के द्वारा खजराना की पुलिया को 63 लाख रुपए खर्च कर चौड़ा किया जाएगा। इस पुलिया को चौड़ा कर देने से नागरिकों को आने-जाने में सुविधा हो जाएगी। अभी इस पुलिया के स्थान पर जाम लगता है।

नगर निगम के द्वारा खजराना क्षेत्र में आना-जाना करने के लिए एल आई जी से खजराना तक के लिए चौडी लिंक रोड बनाई गई है। इसके साथ ही आनंद बाजार की तरफ से खजराना की ओर जाने वाले रास्ते को भी बेहतर कर दिया गया है। खजराना चौराहे पर यातायात की स्थिति को सुधारने के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा फ्लाईओवर ब्रिज भी बनाया गया है। इस फ्लाईओवर ब्रिज के आसपास की सर्विस रोड का नवनिर्माण भी प्राधिकरण के द्वारा किया गया है। अब इस फ्लाईओवर ब्रिज के पास में स्थित पुलिया के कारण क्षेत्र में यातायात की स्थिति बिगड़ रही है। इस क्षेत्र से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को दूर करने के लिए नगर निगम के पुल प्रकोष्ठ के द्वारा इस पुलिया को चौड़ा करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि निगम के साकेत नगर जोनल कार्यालय के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 40 के इस क्षेत्र में पुलिया को चौड़ा करने का काम करने में 8 महीने का समय लगेगा। इस कार्य को करने में 63.5 लाख रुपए खर्च होंगे। निगम के द्वारा पुलिया को चौड़ा करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। अब इस प्रस्ताव के क्रियान्वयन की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि हमारी कोशिश होगी कि सितंबर के महीने में यह काम शुरू हो जाएं।

**निगम कराएगा काम, रहवासियों को मिलेगी जाम से निजात**

# संभाग आयुक्त ने की प्राधिकरण कार्यों की समीक्षा





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर विकास प्राधिकरण के विभागों की समीक्षा बैठक कल संभाग आयुक्त भास्कर लक्षकार की मौजूदगी में की गई। सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े और अन्य अधिकारी मौजूद थे। प्राधिकरण की प्रचलित योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट दी गई। बैठक में आईडीए द्वारा निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज, आवास विहार, आईटी पार्क आदि विषयों पर भी चर्चा हुई।

# 900 आपदा मित्र होंगे प्रशिक्षित, अभी 150 ने कराया पंजीयन, प्रशिक्षण शुरू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रालामंडल में 7 दिनों के लिए 'आपदा मित्र' प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन एसडीआरएफ के प्रशिक्षण केंद्र रालामंडल में किया जा रहा है। 900 आपदा मित्रों को प्रशिक्षित किया जाना है, जिसमें से अभी 150 आपदा मित्रों का पंजीकरण किया गया है। स्थानीय स्तर पर आपदा की स्थिति में यह प्रशिक्षित मौके पर पहुंचकर सहायता उपलब्ध करा सकेंगे। इन प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिक उपचार, सीपीआर, खोज, बचाव, बाढ़ प्रबंधन,



अग्निशमन के प्रारंभिक उपाय, घायलों का सुरक्षित स्थानांतरण तथा स्थानीय संसाधनों जैसे केले के तने और प्लास्टिक की बोतलों की सहायता से अस्थायी राफ्ट और स्ट्रेचर तैयार करने जैसी व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य समुदाय स्तर पर ऐसे प्रशिक्षित स्वयंसेवकों का नेटवर्क तैयार करना है।

# विद्या-सुधा सत्संग मंडप में पहुंच रहे हैं समाजजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलाल बाग के विशाल विद्या-सुधा सत्संग मंडप में आयोजित चातुर्मास की धर्मसभा में मुनि पुंगव सुधासागर म.सा. के प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में जैन समाजजन पहुंच रहे हैं। आने वाले रविवार को बच्चों और बड़ो के लिए स्पर्धा होगी। संत को नवीन-शिवानी गोधा, सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद-अंतिका गोधा परिवार द्वारा राष्ट्रसंत को शास्त्र भेंट किया गया। मनोज बज, यश, विजय और संजय पाटनी परिवार ने दीप प्रज्वलन किया। मंगलाचरण सुश्री रिद्धि बांझल ने किया। संयोजक नवीन गोधा, हर्ष जैन, आकाश जैन कोयला ने बताया कि रविवार 9 अगस्त को 'सुधा का सागर' पुस्तक पर आधारित प्रश्नोत्तरी स्पर्धा का आयोजन होगा जिसमें 8 से 15 वर्ष तक की आयु के बच्चे और 16 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोग भाग ले सकेंगे। विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए जाएँगे।

## ग्लोबल ऑर्गेनाइजेशन का आयोजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ग्लोबल ऑर्गेनाइजेशन फॉर कमर्शियल एमिकेबल लीगर सोल्यूशन में व्यापारी, उद्योगपतियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। सर्च कोल, केट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता, ईश्वर बाहेती, गौतम कोठारी, संजय पटवर्धन, धर्मेन्द्र खंडेलवाल, प्रमोद खंडेलवाल, रेनू गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## म्यूजिकल ग्रुप का आयोजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सीएन मेलोडियस म्यूजिकल ग्रुप द्वारा किशोर कुमार की जयंती पर प्रीतमलाल दुआ सभागृह में गीत-संगीत का आयोजन किया गया। नरेश बिरथरे ने बताया कि गायकों ने एक के बाद एक कई गीतों की प्रस्तुति दी।

## घर से भटक गई मासूम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ताजपुर में रहने वाले यादव दम्पति की बेटी घर से बाहर निकल गई और वह धार रोड स्थित ग्राम सिंहासा में अकेली खड़ी दिखी और रोती नजर आई तो वहां लोगों ने पूछताछ की। मासूम घबराई हुई थी, पता एवं माता-पिता का नाम भी नहीं बता पा रही थी। मासूम का चित्र सोशल मीडिया पर वायरल किया गया, काफी देरी के बाद माता-पिता की जानकारी लगी, तो पड़ा कि वे ताजपुर से इंदौर खरीदी करने गए थे और मासूम घर में ही थी, जो घर से निकलकर सिंहासा ग्राम तक पहुंच गई। इस दौरान बच्ची को परिजन तक पहुंचाने में जितेन्द्र यादव, मुकेश यादव, लक्ष्मी पंवार, नारायण चौहान, महेश चौहान, मनोज सोलंकी सहित अन्य ने सहयोग किया।



## महासती के प्रवचन जारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नृसिंह वाटिका बिजासन रोड में महासती डॉ. कुमुदलता म.सा. का चातुर्मास प्रवचन जारी है। कल धर्मसभा में अहिंसा, मर्यादा एवं चरित्र जैसे जीवन के मूलभूत विषयों पर अत्यंत प्रेरणादायी प्रवचन हुए। बड़ी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे। इसी चातुर्मास कार्यक्रम के दौरान निरंतर तपस्या की श्रृंखला में आठ उपवास की पच्छखावनी योगिता पीपाड़ा, मधु जैन पोरवाल एवं सरोज जैन द्वारा ग्रहण की गई।

# अधिष्ठाता और उप-अधिष्ठाता बने अशोक और अभय भैया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।



जैन समाज के आध्यात्मिक केंद्र गुणायतन में सुचारू संचालन के लिए इंदौर उदासीन आश्रम के बाल ब्रह्मचारी अशोक भैया को अधिष्ठाता एवं बाल ब्रह्मचारी अभय भैया को उप-अधिष्ठाता पद पर नियुक्त किया गया। संत प्रमाण सागर म.सा. ने कहा कि प्रतिष्ठा के बाद भी गुणायतन को संभालने के लिए त्यागी प्रतिनिधि की आवश्यकता है। त्यागियों के माध्यम से ही धर्म संस्थाएं टिकती हैं। अशोक भैया और अभय भैया का समर्पण, निष्ठा और सेवा भाव सर्वविदित है। घोषणा के बाद दोनों भैया का अभिनंदन किया गया। जैन समाज के डॉ. जैनेन्द्र जैन, राजेश जैन दद्दू, रेखा जैन, साधना दगड़े, मुक्ता जैन, टीके वेद, आजाद जैन, अशोक खासगीवाला, मयंक जैन, हंसमुख गांधी सहित अन्य ने बधाई दी।

## अहिल्या उत्सव वक्तत्व स्पर्धा कल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अहिल्या उत्सव समिति से जुड़ी ज्योति तोमर, वृंदा गौड़, सरिता मंगवानी ने बताया कि अहिल्या उत्सव के अन्तर्गत कल 6 अगस्त की सुबह 10.30 बजे से वैष्णव वाणिज्य महाविद्यालय गुमास्ता नगर 71 नंबर स्कीम पर प्रतियोगिता वर्तमान युग में कृत्रिम बुद्धिमता का महत्व एवं चुनौतियां विषय पर आयोजित की गई है। विद्यालय शिक्षकों के लिए वक्तृत्व स्पर्धा का आयोजन कल किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतियोगी के लिए 7 मिनट का समय रहेगा यह प्रतियोगिता विद्यालयीन शिक्षकों के लिए रहेगी।

## शाम-ए-अवध की काव्य गोष्ठी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शाम-ए-अवध साहित्य संगठन ने काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। राहुल निहोरे, देवेन्द्र साहू, ललित शर्मा ने रचनाकारों का स्वागत किया। प्रकाश कुवाल, सलीम शेख, असलम कुरैशी, आफताब, गुलरेज हुसैन, पूनम यादव, अज्जू, जुनैद खान, हामिद कुरैशी, रुखसाना कुरैशी, हीरालाल वर्मा, प्रकाश अकोदिया, मीना श्रीवास्तव, लक्ष्मी यादव की मौजूदगी में शाकिर नक्शबंदी, नरेंद्र कुरील साहेब ,बृजमोहन शर्मा बज, पूनमचंद यादव पूनम, देवेंद्र साहू प्रवाह, आरडी माहौल राही, धर्मेंद्र अंबर, महेश यादव ने प्रस्तुतियां दी।

# राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के लिए तैयारियां शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



15 अगस्त पर राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम आरएपीटीसी मैदान महेश गार्ड लाइन में आयोजित किया जाना है। इस गरिमामय कार्यक्रम के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने तैयारी बैठक भी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, हिमांशु प्रजापति, नवजीवन विजय पंवार, रिंकेश वैश्य, रोशन राय सहित अन्य मौजूद थे। अलग-अलग दायित्व अलग-अलग अधिकारियों को दिए गए। राष्ट्रीय पर्व में अधिकारी और कर्मचारी भी अनिवार्य रूप से शामिल होवे। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए जाए। शासकीय कार्यालय और संस्थाओं में अनिवार्य रूप से ध्वजारोहण भी किया जाए। विद्युत सज्जा भी हो, उत्कृष्ट कार्य वर्ष भर करने वाले अधिकारी, कर्मचारी और संस्थाओं को भी पुरस्कृत किया जाए। इसके लिए 12 अगस्त तक प्रस्ताव भी आमंत्रित किए गए हैं। समारोह की तैयारियों का पूर्वाभ्यास 13 अगस्त को सुबह 9 बजे होगा।

## प्रेस क्लब में हुई 33 गीतों की प्रस्तुतियां



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गायक किशोर कुमार की जन्म जयंती पर इंदौर प्रेस क्लब में स्वरांजलि कार्यक्रम के अन्तर्गत 33 गीतों की प्रस्तुतियां मीडिया कर्मियों की मौजूदगी में दी गई। मधु पंवार, लीना श्रीवास का सम्मान किया गया। दीपक कर्दम, प्रदीप जोशी, संजय त्रिपाठी, प्रियंका पाण्डे, अरविंद तिवारी, प्रमोद दीक्षित, अभिषेक चेंडके, मुकेश तिवारी, अभय तिवारी, मनीष मक्खर, श्याम कामले, विजय भट्ट, महिला प्रतिनिधि पूनम शर्मा, लक्ष्मीकांत पाण्डे सहित अन्य मौजूद थे।

## किशोर कुमार समर्थक रहे मौजूद



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गायक किशोर कुमार के जन्मदिवस पर संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया। सुनील बावनिया, दीपक मल्होत्रा, पिंकी मल्होत्रा, दीपिका मल्होत्रा, दिनेश रणधर, मदनमोहन गुप्ता, अशोक गुप्ता, शैलेंद्र सहित अन्य मौजूद थे।

# समाजसेवी किशोर गोयल का सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। हरिओम योग केंद्र चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन, एशिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड में विश्व कीर्तिमान स्थापित करने तथा योग प्रेमियों के मिलन समारोह के उपलक्ष्य में सम्मान का आयोजन किया। चमेलीदेवी योग केंद्र के संयोजक किशोर गोयल को योग के क्षेत्र में कार्य करने पर सम्मानित कर प्रमाण-पत्र दिया। इस अवसर पर अनिमेष भार्गव, ओमानंद गुरु, चेतना जोशी, डॉ. संध्या चौकसे, डॉ. प्रमोद नीमा, डॉ. लोकेश जोशी, गोपाल गोयल, ब्रजेश गुप्ता, डॉ. अंतिम जैन, रिंकू पोरवाल, डॉ. हरीश डागुर, डॉ. निर्मल महाजन, डॉ. आरके वाजपेयी, ओमप्रकाश जायसवाल, हेतराम चौकसे, मनोज वर्मा, राकेश चौधरी, अश्विनी वर्मा, केसी जैन, प्रेमकुमार दुआ मौजूद थे।

# माहेश्वरी कुटुम्ब की कावड़ यात्रा में झांकियां और डमरू बैण्ड

## बैठक में लिए गए कई निर्णय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



पश्चिमी मप्र प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के साथ माहेश्वरी कुटुम्ब की कावड़ यात्रा रविवार 9 अगस्त को सुबह 9 बजे से रिंग रोड स्थित परस्पर गार्डन परिसर से निकलने वाली 'जय महेश कावड़ यात्रा' में इस बार अनेक आकर्षण शामिल होंगे। यात्रा में देश की 7 प्रमुख नदियों के जल के साथ ही 7 झांकियां और लगभग ढाई हजार श्रद्धालु बोल बम और जय शिव का उद्घोष करते हुए शामिल होंगे। वहीं महाकाल का भस्म रमैया डमरू बैंड भी शामिल रहेगा। नवलखा कार्यालय पर बैठक में यात्रा को अंतिम रूप दिया गया। शारदा-प्रकाश अजमेरा, महेश मूंगड, अशोक इनानी, मनोज छापरवाल, पुष्प माहेश्वरी, अजय झंवर (सेंधवा), दिलीप लोया (उज्जैन), मधुसूदन भलिका, रुपेश भूतड़ा, राजेश मूंगड, सुरेश हेडा, श्रीमोहन सोमानी, गोपाल राठी एवं माहेश्वरी समाज के प्रमुख संगठनों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में यह निर्णय भी लिया गया कि यात्रा में शामिल सभी मातृशक्ति पीताम्बर एवं पुरुष भगवा धोती-कुर्ता या कुर्ता-पायजामा के परिधान में शामिल होंगे। यात्रा परस्पर गार्डन से प्रारम्भ होकर मेन रोड, फूटी कोठी चौराहा, रणजीत हनुमान, नाकोडा से गुमाश्ता नगर स्थित शिव मंदिर पहुंचेगी जहाँ शहर के गणमान्य जनप्रतिनिधियों एवं समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में समाज में एकता और सदभाव के लिए प्रार्थना भी की जाएगी। यात्रा में भगवान उमा महेश एवं भगवान भोलेनाथ और माँ पार्वती के चमत्कारों पर आधारित 7 झांकियां भी शामिल रहेगी। यात्रा के पहले कावड़ यात्री अपने कावड़ में पवित्र जल भरेंगे जिनका पूजन भी होगा, 2 हजार भक्तों का पंजीयन हो चुका है, 51 सदस्यीय अखाड़ा भी रहेगा। उक्त पूर्ण जानकारी प्रकाश-शारदा अजमेरा ने दी।

# सेन समाज प्लाट खरीदकर करेगा नई धर्मशाला का निर्माण

## ओंकारेश्वर के कार्य को लेकर ट्रस्ट की हुई बैठक



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। ओंकारेश्वर ट्रस्ट धर्मशाला न्यास त्रैमासिक बैठक ओंकारेश्वर सेन धर्मशाला में रखी गई बैठक में 3 माह का लेखा-जोखा आय खर्चआदि का हिसाब रखा गया बैठक में सेन धर्मशाला में 1500 किलो वाट का सोलर प्लांट लगाया जाना तथा चार कमरों में एसी लगाया जाना तथा नवीन धर्मशाला निर्माण हेतु ओंकारेश्वर क्षेत्र में जमीन खरीदी जाने हेतु प्रस्ताव ठहराव कर चर्चा की गई इसके लिए कमेटियों का गठन किया गया। इस दौरान यशवंत देवडा, सुभाष वर्मा सेन इन्दौर, करणसिंह दरबार, देवनारायण सेन, कमलेश भागवान, भवानी राम, भगवान सेन, मोघवा, कमल सरपंच, प्रभु सेन जानी, सुरेश मालवीय, राकेश घरगांव, राकेश श्रीवास, जयप्रकाश सहित अन्य मौजूद थे।

# वैश्य और अग्रमंच की महिलाएं करेंगी तीज उत्सव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वैश्य महिला महासंगठन मध्य प्रदेश एवं संस्था अग्रमंच द्वारा सिंजारा तीज उत्सव 14 अगस्त को होटल में धूमधाम से मनाया जायेगा। दीपिका गोयल ने बताया कि महिला सदस्यों द्वारा महिलाओं के त्यौहार सिंजारा तीज उत्सव मनाया जावेगा। महिलाओं के लिये ड्रेस ग्रीन या लहरिया साड़ी रखा गया है। इस अवसर पर महिलाओं के लिये मेंहदी की व्यवस्था की गई है। महिलाएं इस पर्व पर शिव-पार्वती का पूजन कर अपने सुहाग की रक्षा की कामना करेंगी तथा लड्डू गोपाल का श्रृंगार कर उन्हे सावन का झूला झुलाऐंगी। पूजा पाठ के पश्चात सिंजारा रंगारंग कार्यक्रम होगा, अंताक्षरी के सुर गूंजेंगे तथा तंबोला खेला जावेगा साथ ही अन्य सरप्राइज प्रतियोगिताऐं भी आयोजित की जावेंगी।



# जैन का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था सुरीली बिछात द्वारा यशवंत क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेन्द्रसिंह जैन का सम्मान समारोह होटल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर गोपाल वाधवा, विजय खन्ना, गणेश खत्री, राजकुमार कपूर, शम्मी कपूर, उमेश तिवारी, विजय गावड़े, अभिषेक गावड़े, प्रकाश लालवानी, ज्ञान कटारिया, भूमिका शर्मा की मौजूदगी मेंजैन का सम्मान किया गया।

# जर्नलिस्ट फोरम कराएगा संगीत संध्या

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मालवा जर्नलिस्ट फोरम के लोकेंन्द्रसिंह थनवार, प्रवीण जोशी ने बताया कि संस्था द्वारा संगीत संध्या गीत गाता चल का आयोजन 11 अगस्त मंगलवार की शाम 6 बजे प्रीतमलाल दुभा सभागृह में किया जाएगा।



# बी टेक के छात्रों का दीक्षांत समारोह

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मालवा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बी.टेक. बैच 2022-26 के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उपाधियाँ प्रदान की गईं। समारोह में संस्थान के पदाधिकारी, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक गण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा श्री गणेश वंदना एवं माँ सरस्वती वंदना के साथ हुआ।



# योग गुरु सम्मान आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। योग संस्था मॉडर्न योगा क्लब परिवार द्वारा पलसीकर कॉलोनी स्थित गोल बगीचा एवं राम वल्लभ गार्डन केन्द्र खातीवाला टैंक दोनों जगह योग गुरु सम्मान का आयोजन किया गया। डॉ. शिवप्रकाश सिंह बघेल, जगजीत खनूजा, असगर फिदवी, मंसूर कालेज वाला, मोहन शर्मा, प्रताप, वीरेंद्र सिंह खुराना, राजेश सुखेजा एवं राकेश मौर्य, रंजना खत्री, भूपेन्द्रसिंह भाटिया, जसबीरसिंह, मोहम्मद, सौरभ दीक्षित मौजूद थे।

# बटुक और श्रद्धालु अर्पण कर रहे हैं भगवान भूतेश्वर को बिल्व पत्र



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भूतेश्वर महादेव मंदिर पंचकुइया पर इस सावन मास में लगातार एक लाख बिल्व पत्र से भगवान का पूजन अर्चन, अभिषेक, मंत्रों के साथ किया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन में पहुंच रहे हैं। बटुक और श्रद्धालुओं ने भी मंत्रोच्चार के बीच अष्ट प्रहर बिल्व अर्चना की। 8 पार्थिव शिवलिंग पर बिल्व पत्रों से अष्ट प्रहर पूजन हो रहा है। अब तक 6 लाख बिल्व पत्रों से पूजा अर्चना हो चुकी है। 24 घंटे आचार्य और ब्राह्मणों के सानिध्य में रोजाना 1 लाख बिल्व पत्र से रुद्राभिषेक, रुद्रपाठ एवं शिव आराधना हो रही है।

# दो माह की राशन सामग्री एक मुश्त होगी वितरित

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंदसिंह राजपूत ने बताया कि पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों से अगस्त एवं सितम्बर की राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण 31 अगस्त तक करने के निर्देश खाद्य अधिकारियों को दिए गये हैं। राशन सामग्री का शत् प्रतिशत उठाव 15 अगस्त तक पूरा कर उचित मूल्य दुकानों में भण्डारण सुनिश्चित किया जाए। अन्त्योदय अन्न योजना के हितग्राहियों को 35 कि.ग्रा. प्रति परिवार राशन गेहूँ, चावल एवं प्राथमिकता परिवार श्रेणी में आने वाले हितग्राहिओं को 5 कि.ग्रा. प्रति सदस्य राशन दिया जाता है। साथ ही दोनों श्रेणी के हितग्राहियों को एक कि.ग्रा. नमक प्रति परिवार दिया जाता है। पीओएस मशीन में अगस्त एवं सितम्बर की राशन सामग्री को वितरित करते समय दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन कराया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अनुबंधित परिवहनकर्ताओं के माध्यम से दुकानों पर राशन सामग्री का प्रदाय समय पर सुनिश्चित करायें। इसकी जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग भी करें। उचित मूल्य दुकानों पर राशन सामग्री प्रदाय एवं वितरण की नियमित मॉनिटरिंग करने और इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

# प्रीति माहेश्वरी फिर बनीं महिला कांग्रेस अध्यक्ष



**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस ने संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा करते हुए श्रीमती प्रीति माहेश्वरी को एक बार फिर धार जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष की कमान सौंपी हैं। शीर्ष नेतृत्व द्वारा उनके नाम की दोबारा घोषणा किए जाने से धार जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं में भारी उत्साह और हर्ष का माहौल है। श्रीमती माहेश्वरी की इस नियुक्ति को संगठन में उनकी सक्रियता, जमीनी पकड़ और लगातार महिलाओं के अधिकारों के लिए किए गए संघर्षों का परिणाम माना जा रहा है, नियुक्ति की खबर मिलते ही स्थानीय कांग्रेस कार्यालय और सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, विधायकों, पूर्व विधायकों और विभिन्न मोर्चा संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई संदेश प्रेषित कर शुभकामनाएं दी हैं,नेताओं ने कहा कि प्रीति माहेश्वरी के नेतृत्व में धार जिले में महिला कांग्रेस न केवल और अधिक मजबूत होगी, बल्कि आगामी समय में संगठन को नई गति भी मिलेगी, कार्यकर्ताओं का मानना है कि उनकी दोबारा नियुक्ति से आदिवासी बहुल धार जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।अपनी इस नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रीति माहेश्वरी ने कहा कि वे संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक स्तर पर समितियों का पुनर्गठन कर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और शोषित-वंचित वर्ग की आवाज उठाने के लिए आंदोलन तेज किए जाएंगे।

# लंदन में रखी मूर्ति भोजशाला की मूल वाग्देवी ही, भारत लाने की प्रक्रिया तेज

**ब्रिटिश म्यूजियम में रखी प्रतिमा का लीगल वेरिफिकेशन पूरा, केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल ने आधिकारिक जानकारी दी...**

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम में रखी 11वीं सदी की ऐतिहासिक मां वाग्देवी (सरस्वती) की प्रतिमा को लेकर एक बड़ी और ऐतिहासिक सफलता मिली है,केंद्र सरकार की जांच और लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद अब आधिकारिक तौर पर यह पुष्टि हो गई है कि लंदन में रखी यह प्रतिमा मध्य प्रदेश के धार की ऐतिहासिक भोजशाला की ही मूल मूर्ति है। भोपाल में आयोजित ब्रिक्स सांस्कृतिक कार्य समूह की बैठक से पहले आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल ने इस कानूनी सत्यापन के पूरे होने की आधिकारिक घोषणा की,इस पुष्टि के बाद भारत सरकार ने प्रतिमा को वापस देश लाने के लिए राजनयिक स्तर पर अपनी कोशिशें और तेज कर दी हैं,इस खबर के सामने आते ही धार सहित पूरे देश के हिंदू समाज और श्रद्धालुओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। गौरतलब है कि इसी साल मई में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने भोजशाला को मूल रूप से वाग्देवी का मंदिर मानते हुए वहां नियमित पूजा-अर्चना की अनुमति दी थी, इसके साथ ही अदालत ने केंद्र सरकार को ब्रिटिश म्यूजियम से मूल वाग्देवी प्रतिमा को भारत वापस लाने के लिए तत्काल और




आवश्यक कदम उठाने के कड़े निर्देश दिए थे। कोर्ट के आदेश के बाद केंद्र सरकार, भारतीय राजनयिकों और ब्रिटिश म्यूजियम के बीच कानूनी औपचारिकताएं तेजी से पूरी की गईं, जिसके बाद मूर्ति के असली होने पर अंतिम मुहर लग सकी, सूत्र बताते है की प्रतिमा इतिहासकारों के अनुसार, इस दिव्य और कलात्मक प्रतिमा को वर्ष 1034 ईस्वी में परमार वंश के प्रतापी राजा भोज ने धार की भोजशाला जो उस समय शिक्षा और संस्कृति का बड़ा केंद्र थी में स्थापित किया था। ब्रिटिश शासन के दौरान एक अंग्रेज अधिकारी मेजर जनरल विलियम किनकेड इस प्राचीन मूर्ति को अपने साथ ले गए थे। साल 1886 में यह प्रतिमा लंदन पहुंची और 1909 से इसे ब्रिटिश म्यूजियम में प्रदर्शित किया गया है, केंद्रीय संस्कृति सचिव ने बताया कि देश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को वापस लाने के अभियान में पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व तेजी आई है। साल 2014 से पहले जहां विदेशों से केवल 13 धरोहरें ही वापस लाई जा सकी थीं, वहीं पिछले 12 वर्षों में सरकार के निरंतर प्रयासों और मजबूत विदेश नीति के कारण 650 से अधिक अमूल्य ऐतिहासिक कलाकृतियां और मूर्तियां सफलतापूर्वक भारत लौट चुकी हैं। अब मां वाग्देवी की प्रतिमा की घर वापसी को भी इसी प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर रखा गया है। लीगल वेरिफिकेशन पूरा होने की खबर मिलते ही धार में उत्सव जैसा माहौल है। भोजशाला परिसर में श्रद्धालुओं ने मां वाग्देवी की एक प्रतिरूप मूर्ति स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना पहले सेची शुरू कर दी थी। स्थानीय संगठनों और संतों का कहना है कि यह करोड़ों सनातनियों की आस्था की बड़ी जीत है और अब वह दिन दूर नहीं जब मां वाग्देवी अपनी मूल जगह पर दोबारा विराजेंगी।

## मास्टर प्लान की सड़क निर्माण से पहले स्ट्राॅर्म वॉटर और ड्रेनेज लाइन का काम

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** छावनी क्षेत्र में मास्टर प्लान की एक और सड़क निर्माण कार्य शुरू करने से पहले वर्तमान में नसिया रोड़ से सरवटे बस स्टैंड तक और इधर जीपीओ चौराहे से संयोगितागंज थाना तक के हिस्से में निगम द्वारा अलग - अलग हिस्सों में सड़क निर्माण और चौडीकरण कार्य शुरू करने से पहले क्षेत्र में ड्रेनेज और स्टॉर्म वॉटर लाइन से संबंधित कार्य तेजी के साथ शुरू कर दिए है ताकि इसके बाद जल्द इस हिस्से में सड़क निर्माण कार्य भी शुरू हो जाए।

वर्तमान में मधुमिलन से अग्रसेन चौराहे वाली मुख्य सड़क के निर्माण का कार्य तोड़फोड़ और बाधक निर्माण हटाने के बाद अब बेहद तेजी के साथ चल रहा है, जिसके अंतर्गत वर्तमान में मधुमिलन चौराहे से आगे दवा बाजार के पास से लक्ष्मी नारायण दूध श्रद्धानंद मार्ग के बड़े हिस्से में सड़क निर्माण कार्य दिखने भी लगा है। यही नहीं इसके आगे छावनी चौराहा पर मथुरावाला बिल्डिंग तक सड़क खुदाई कर निर्माण और चौडीकरण कार्य दुगनी तेजी के साथ चल रहा है। वहीं अब कहा जा रहा है अब अगले माह 15 अगस्त के बाद जल्द यहां भी ड्रेनेज और स्ट्रार्म वाटर लाइन डालने का काम पूरा होने के बाद सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य भी जल्द शुरू करने की तैयारी चल रही है। जिसको लेकर विभागीय तैयारियां और प्लानिंग अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

गौरतलब है कि छावनी क्षेत्र की उक्त मुख्य सड़क जो कि जीपीओ चौराहे से छावनी चौराहा और यहां से सरवटे बस स्टैंड तक बनाई जाना है। मास्टर प्लान में मंजूर इस सड़क के निर्माण से पहले निगम द्वारा वर्तमान में ड्रेनेज और स्ट्राॅम वॉटर लाइन डालने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा अभी मधुमिलन से छावनी पुल तक निर्माणाधीन सड़क का काम छावनी चौराहे तक पहुंच गया है। इस कार्य के आगे बढ़ने के बाद आने वाले दिनों में बेहद जल्द जीपीओ से सरवटे तक बनने वाली सड़क निर्माण कार्य भी जल्द शुरू हो जाएगा। जिसको लेकर निशान लगाने और बाधक निर्माण चिन्हित करने, नोटिस देने जैसे सभी कार्य पहले से चल रहे है।

## बायपास पर पिपलियाहाना चौराहे से कनाडिया सर्विस रोड के काम में तेजी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** बायपास पर बिचोली रोड से लेकर कनाडिया रोड तक बड़े हिस्से में इन दिनों सर्विस रोड निर्माण का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। राहत की बात यह है कि निगम द्वारा बनाई जा रही बायपास की सर्विस रोड के अंतर्गत वर्तमान में आधे से ज्यादा हिस्से में सड़क बनकर तैयार भी हो गई है, यही नहीं बीच के बचे हिस्से में भी इन दिनों निर्माण कार्य रफ्तार के साथ चल रहा है। इसके अलावा लाइन शिफ्ट करने और ड्रेनेज और स्टार्म वाटर लाइन डालने के साथ सर्विस रोड का निर्माण और चौड़ी करण कार्य दिन रात पहले से दुगनी तेजी के साथ किया जा रहा है। यही नहीं खास बात यह है कि इस हिस्से में अंधेरा दूर करने के लिए आने वाले दिनों में जल्द 30 से ज्यादा बिजली के पोल लगाकर क्षेत्र का अंधेरा दूर करने के लिए आकर्षक लाइटिंग लगाने का काम भी आने वाले दिनों में जल्द शुरू करने की तैयारी है। वहीं अभी सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के साथ सर्विस रोड़ के साइड वाले हिस्से में रोशनी के लिए नए बिजली के पोल लगाने का काम भी निगम द्वारा हाथों - हाथ करवाया जा रहा है ताकि जब यहां से ट्रैफिक शुरू हो तो अंधेरे के कारण लोगों को परेशानी न हो।

# बसों के इंतजार में यात्रियों को अब बारिश में नहीं भीगना पड़ेगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** शहर के लोगों को अब बारिश में खड़े रहकर बसों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसी माह में बेहद जल्द 15 अगस्त के आसपास एआईसीटीएसएल द्वारा शहर में अलग - अलग जगहों पर 20 से ज्यादा और नए आधुनिक सुविधाओं वाले बस स्टॉप का निर्माण कर यात्रियों के उपयोग के लिए शुरू करने की तैयारी है। वर्तमान में शहर के प्रमुख बाजार और खास स्थान पर निगम द्वारा नई एवं आधुनिक तकनीक एवं सुविधाओं से लैस बस स्टॉप बनाने का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। जिसके तहत इन बस स्टॉप में बैठने की व्यवस्था के साथ बसों के आने - जाने के टाइम टेबल सहित अन्य जानकारी और सुविधाएं भी देने की तैयारी चल रही है।

**इसी माह 20 से ज्यादा नए आधुनिक बस स्टॉप की और मिलेगी सुविधा**

खास बात यह है कि इन नए और डिजिटल बस स्टॉप में यात्रियों को आरामदायक कुर्सियों और बेंचों पर अच्छी बैठक व्यवस्था के साथ मोबाइल चार्जिंग सुविधा भी मिल रही है। इसके अलावा इस रूट से गुजरने वाली सभी बसों के आने-जाने के टाइम टेबल की जानकारी भी डिजिटल डिसप्ले पर आसानी से मिलेगी। इसके साथ सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था भी मिल रही है। इसके अलावा रात में इन नए बस स्टॉप पर लाइटिंग की व्यवस्था रखी गई है। साथ ही मोबाइल चार्जिग की सुविधा भी दी जा रही है। इसके साथ गर्मी और धूप से बचने के लिए पूरी छत की व्यवस्था भी है।

यही नहीं इन तमाम सुविधाओं के साथ बड़ी बात यह है कि दिन के साथ रात में भी महिला यात्री आराम से यहां सुकून के साथ बसों का इंतजार कर सकेंगी। क्योंकि तमाम सुविधाओं के साथ अब इन आधुनिक बस स्टॉप पर नाइट विजन वाले सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे है। जिससे कंट्रोल रूम से इन नए आधुनिक बस स्टॉप की सशक्त निगरानी भी की जा रही है। जिससे रात दिन इन सभी नए बस स्टॉप पर महिलाओं को सीसीटीवी कैमरों की मदद से पूरी सुरक्षा दी जा रही है। गौरतलब है कि एआईसीटीएसएल द्वारा पिछले साल से शहर में 200 से ज्यादा आधुनिक बस स्टॉप का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिसके तहत अब तक करीब 75 से ज्यादा नए बस स्टॉप बनकर तैयार भी हो गए है। वहीं अभी कई जगह निर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहा है जहां कई बस स्टाप इसी माह में जल्द बनकर तैयार होने वाले है।

# रोशनी के लिए लगेंगी लाइटिंग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मेट्रो कॉरिडोर के प्रमुख रूट विजयनगर क्षेत्र से लेकर सुखलिया क्षेत्र के इंदौर उज्जैन रोड़ के लव कुश चौराहा तक के बड़े हिस्से में मेट्रो ब्रिज के नीचे वाले हिस्से में हरियाली के साथ अब रोशनी के लिए भी लाइटिंग लगाने की तैयारी निगम ने प्लानिंग के साथ शुरू कर दी है। जिसको लेकर मेट्रो कॉरिडोर के नीचे के हिस्से में पिलरों के बीच पर्याप्त दूरी के साथ पोल लगाने के लिए स्ट्रक्चर और ठिए बनाने का काम तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। यही नहीं इसके अलावा हाल ही में बाणगंगा क्षेत्र से अरविंदो अस्पताल तक तैयार प्रदेश और इंदौर शहर के पहले डबल डेकर ब्रिज के नीचे के हिस्से में भी आईडीए द्वारा रोशनी के लिए आकर्षक डिजाइन वाले इलेक्ट्रिक पोल और शानदार तेज रोशनी वाली लाइटिंग लगाने का काम शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में सर्विस रोड़ के साथ मेट्रो कॉरिडोर के हिस्से में रोशनी के लिए लाइटिंग लगने से देर रात यहां से गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को दुर्घटना लूट-पाट जैसी घटना होने की आशंका से भी बड़ी राहत और सुरक्षा मिलेंगी, जिसके अंतर्गत यहां करीब 50-50 फीट की दूरी पर पोल लगाने के लिए स्ट्रक्चर बनाने और लाइन डालने का काम वर्तमान में तेजी के साथ हो रहा हैं। वही कहां जा रहा है कि अब 15 अगस्त से पहले रोशनी के लिए नए पोल और लाइटिंग लगाने का काम भी जल्द शुरू कर जल्द ही पूरा किया जाएगा।

## संपादकीय

### बृजभूषण बरी, लेकिन खत्म नहीं हुई लड़ाई अब न्याय की अगली परीक्षा हाईकोर्ट में

इस मुकदमे में अदालत ने यौन उत्पीड़न की शिकायत करने वाली एक नाबालिग पीड़िता के बयान से पलटने और शिकायतकर्ताओं के विरोधाभासी बयानों के आधार पर अपना फैसला दिया। सवाल यह भी है कि ठीक उत्पीड़न के समय ठोस सबूत इकट्ठा करने पर ध्यान देना किसी भी पीड़ित के लिए कितना संभव है। इसमें दोराय नहीं कि कोई निचली अदालत अगर अपने फैसले में किसी आरोपी को बरी कर दे, तो वह उसके लिए राहत की बात हो सकती है। इस लिहाज से देखें तो भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह फिलहाल इसे अपनी जीत मान सकते हैं कि दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें और एक अन्य अभियुक्त विनोद तोमर को महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में बरी कर दिया। मगर कई बार अदालत में सबूतों की प्रस्तुति किसी मामले में फैसले का आधार बनती है और परिस्थितियों की जटिलता के बीच उसे कसौटी पर भी रखा जाता है। दरअसल, घटना की गंभीरता और पीड़ित पक्ष के आरोपों के बीच कानूनी प्रावधानों की तकनीकी बारीकियों का लाभ भले ही किसी आरोपी को मिल जाए, लेकिन न्याय की मांग का सफर कई बार लंबा भी हो सकता है। यही वजह है कि यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों के बावजूद बृजभूषण शरण सिंह के बरी होने के बाद इस मामले में अन्य पीड़ितों ने उच्च न्यायालय में अपील करने की बात कही है। सही है कि अदालत का फैसला कानूनी प्रावधानों की कसौटी के मुताबिक हो सकता है, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत होगी कि इस मामले के सामने आने के बाद कई पीड़ित महिला खिलाड़ियों ने आगे आकर अपने साथ हुए दुर्व्यवहार की शिकायत की थी। यह साफ होना बाकी है कि एक गवाह के बयान बदल लेने की वजह से क्या बाकी सभी पीड़ित महिलाओं की शिकायत निराधार हो गई! फिर देश में कानूनी प्रावधानों और उनकी व्याख्याओं के बीच कैसे वास्तविक आरोप भी कमजोर पड़ जाते हैं, यह छिपा नहीं है। इसके अलावा, आरोपी की पृष्ठभूमि और राजनीतिक हैसियत अगर मजबूत है, तो उसके खिलाफ पहले ही किसी शिकायत का सामने आ पाना काफी मुश्किल होता है। अगर शिकायत दर्ज भी हो जाए, तो अदालत में उसके टिके रहने को लेकर हमेशा एक संशय बना रहता है। इसमें आरोप और गवाहों के बयान में अस्थिरता एक पक्ष हो सकता है।

# राजकुमार ब्रिज के पास लोडिंग चालक ने काटी हाथ की नस, मौत

**इंदौर।** राजकुमार ब्रिज के समीप एक लोडिंग वाहन चालक द्वारा गाड़ी के भीतर बैठकर अपने हाथ की नस काटकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान वहां से गुजर रहे राहगिरों ने युवक को लहूलुहान अवस्था में देखा और तत्काल एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान राकेश पिता नारायण मुकासे निवासी परदेशीपुरा के रूप में हुई है। राकेश लोडिंग वाहन चलाकर अपने परिवार का गुजर-बसर करते थे। रोजाना की तरह वे अपना वाहन लेकर निकले थे, तभी राजकुमार ब्रिज के समीप उन्होंने अज्ञात कारणों के चलते लोडिंग वाहन के अंदर बैठकर धारदार वस्तु से अपने हाथ की नस काट ली। अत्यधिक खून बह जाने के कारण राकेश की तबीयत बिगड़ने लगी। इसी दौरान ब्रिज से गुजर रहे राहगिरों की नजर लोडिंग वाहन में अचेत और खून से लथपथ पड़े राकेश पर पड़ी। राहगिरों ने बिना समय गंवाए तुरंत पुलिस को सूचना दी और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण डॉक्टरों के भरसक प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 142200 | 145855 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 223000 | 225129 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# महिला के बैंक खाते से 50 हजार रुपए उड़ाए

## मोबाइल हैक कर साइबर ठगों ने खाते से दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर की रकम

**इंदौर।** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में साइबर धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। अज्ञात साइबर ठग ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन हैक कर उसकी पत्नी के बैंक खाते से करीब 50 हजार रुपये की राशि अनधिकृत रूप से दूसरे खाते में ट्रांसफर कर ली। घटना का पता चलते ही पीड़ित ने ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। प्राथमिक जांच के बाद रावजी बाजार थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ साइबर अपराध और धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, जबरन कॉलोनी प्रकाश का बगीचा निवासी फरियादी सचिन पिता शरद वर्मा ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि अज्ञात आरोपी ने किसी माध्यम से उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया। इसके बाद आरोपी ने उनकी पत्नी रंजना वर्मा के बैंक ऑफ इंडिया के खाते में सेंध लगाते हुए 49 हजार 781 रुपये की राशि धोखाधड़ीपूर्वक किसी अन्य बैंक खाते में ट्रांसफर कर ली। जब खाते से पैसे कटने का संदेश मिला, तब पीड़ित परिवार को ठगी का अहसास हुआ। फरियादी सचिन ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन और ऑनलाइन पोर्टल पर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत और बैंक लेनदेन के विवरण के आधार पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। रावजी बाजार थाना पुलिस अब उस बैंक खाते की जानकारी जुटा रही है जिसमें रकम ट्रांसफर की गई है, साथ ही साइबर सेल की मदद से मोबाइल हैक करने वाले गिरोह की तकनीकी जांच की जा रही है।

# शाही सवारी में चेन स्नेचिंग

## कई श्रद्धालुओं के सोने की चेन-मंगलसूत्र चोरी, एक संदेही हिरासत में

**इंदौर।** सावन मास के प्रथम सोमवार की शाम महू में धूमधाम से निकाली गई चक्कीवाले महादेव की भव्य शाही सवारी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का फायदा उठाकर शातिर चोरों ने चेन स्नेचिंग की कई वारदातों को अंजाम दे डाला। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती के बावजूद लुनियापुरा, धान मंडी चौराहा, गोपाल मंदिर और सांघी स्ट्रीट क्षेत्र में बदमाशों ने कई श्रद्धालुओं के गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र पार कर दिए। पीड़ितों में दो बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल हैं। हालांकि, एक स्थानीय व्यापारी की मुस्तैदी से पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है, जिससे थाने में गहन पूछताछ की जा रही है।

महू पुलिस के अनुसार, देर शाम तक फरियादी ओमप्रकाश अग्रवाल, ओमप्रकाश यादव, किशोरीलाल वर्मा और नितिन इंगले सहित अन्य लोगों ने पुलिस थाने पहुँचकर सोने की चेन व मंगलसूत्र चोरी होने की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत एक्शन में आई और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। इसी दौरान एक व्यापारी की सतर्कता के चलते एक संदेही को पकड़ा गया। प्राथमिक पूछताछ में पकड़ा गया संदिग्ध आरोपी महाराष्ट्र का निवासी निकला है। पुलिस को शंका है कि शाही सवारी की भीड़ का फायदा उठाने के लिए महाराष्ट्र की कोई अंतरराज्यीय गैंग महू पहुँची थी। फिलहाल पुलिस पकड़ाए संदेही से कड़ाई से पूछताछ कर रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है।

# प्रत्यक्ष प्रणाली से ही हों चुनाव-चौरसिया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद राज्य सरकार द्वारा सितंबर में छात्रसंघ चुनाव कराने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि यह छात्रों के लंबे संघर्ष, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के सतत आंदोलन और न्यायपालिका के हस्तक्षेप की जीत है। चौरसिया ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2017 के बाद से छात्रसंघ चुनाव बंद कर दिए गए थे। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक नेतृत्व चुनने के अधिकार से वंचित रखा गया। एनएसयूआई ने लगातार छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग उठाई, अनेक आंदोलन किए, ज्ञापन सौंपे, धरना-प्रदर्शन किए और हजारों छात्र कार्यकर्ताओं पर एफआईआर तक दर्ज की गईं। अब जबकि सरकार ने हाईकोर्ट में चुनाव कराने का आश्वासन दिया है, उन सभी आंदोलनकारियों पर दर्ज प्रकरण तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाएं।चौरसिया ने कहा कि कांग्रेस की स्पष्ट मांग है कि छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाएं, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतांत्रिक तरीके से अपने प्रतिनिधि का चुनाव कर सके। किसी भी प्रकार की अप्रत्यक्ष या नामांकन आधारित व्यवस्था लोकतांत्रिक भावना के विपरीत होगी। अमित चौरसिया ने कहा कि हाईकोर्ट ने भी स्पष्ट कर दिया है कि कानून-व्यवस्था का बहाना बनाकर चुनाव टाले नहीं जा सकते। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए, लेकिन लोकतांत्रिक प्रक्रिया हर हाल में संपन्न हो। यह निर्णय प्रदेश के नौ विश्वविद्यालयों और उनसे संबद्ध सैकड़ों महाविद्यालयों के लाखों विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा करने वाला है। उन्होंने भाजपा सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह सरकार कहती कुछ है और करती कुछ और है। यदि सरकार वास्तव में छात्र हितैशी है तो वह तत्काल चुनाव कार्यक्रम घोषित करे, स्पष्ट समय-सारिणी जारी करे और प्रत्यक्ष प्रणाली से निष्पक्ष एवं पारदर्शी छात्रसंघ चुनाव कराने की अधिसूचना जारी करे।

# महिला आरक्षक से पति ने की सरेराह मारपीट

**इंदौर।** एमजी रोड थाना क्षेत्र में एक महिला पुलिसकर्मी के साथ उसके ही पति द्वारा मारपीट कर डाली।पीड़िता ट्रैफिक पुलिस में आरक्षक के पद पर कार्यरत है। घटना के बाद पीड़िता ने एमजी रोड थाने पहुंचकर पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने महिला आरक्षक की रिपोर्ट पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, स्नेहलतागंज स्थित सेवा कुंज हॉस्टल में रहने वाली फरियादिया दामिनी पाटिल इंदौर शहर के ट्रैफिक थाने में महिला आरक्षक के रूप में पदस्थ हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घटना स्नेहलतागंज में बैंक ऑफ बड़ौदा एटीएम के सामने की है।आरोपी पति दीपक कुमार जाटव निवासी देवी अहिल्याबाई गार्डन के सामने विजयनगर ने बिना किसी बात के महिला आरक्षक को सरेराह गालियां देना शुरू कर दिया। जब पीड़िता ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो आरोपी भड़क गया और उसने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी ने अपनी पत्नी को धमकी दी कि यदि उसने उसकी बात नहीं मानी तो वह उसे जान से मार डालेगा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। एमजी रोड थाना पुलिस ने पीड़ित महिला आरक्षक की शिकायत पर आरोपी पति दीपक कुमार जाटव के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# अवैध हथियारों की तस्करी में फरार शातिर बदमाश गिरफ्तार

## पूर्व से दर्ज हैं आर्म्स एक्ट और आबकारी के 17 अपराध

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी प्रॉपर्टी ब्रोकिंग और ई-रिक्शा किराये पर देने की आड़ में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त था। आरोपी के खिलाफ इंदौर के विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट, अड़ीबाजी, मारपीट और आबकारी अधिनियम के 17 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। मामले में पूर्व में पकड़े गए आरोपियों से पुलिस 4 देशी पिस्तौल, मैगजीन और जिंदा कारतूस पहले ही जब्त कर चुकी है।

क्राइम ब्रांच की टीम ने पूर्व में अवैध फायर आर्म्स की तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी परसराम उर्फ परसिया निवासी गुमास्ता नगर और सोहेल उर्फ बलबली निवासी चंदन नगर को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 4 देशी पिस्तौल, 4 जिंदा कारतूस, एक मारुति स्विफ्ट कार (एमपी 09 एआर 3234) और 3 मोबाइल जब्त किए गए थे, जिनकी कुल कीमत करीब 6 लाख रुपये आंकी गई थी। इस मामले की विवेचना के दौरान गुमास्ता नगर निवासी संजय उर्फ संजू मराठा पिता शंकर लाल राव की संलिप्तता सामने आई थी, जो वारदात के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी संजय मराठा को धर दबोचा। जांच में सामने आया कि पकड़ा गया आरोपी पूर्व से ही आदतन अपराधी है और उस पर छत्रीपुरा, चंदन नगर और एमजी रोड थाने में कुल 17 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। पुलिस अब रिमांड लेकर आरोपी संजय मराठा से अवैध हथियारों के मुख्य स्त्रोत, सप्लायर और नेटवर्क से जुड़े अन्य साथियों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

# मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान शुरू होगा

## हर शुक्रवार होगा जनसंवाद, शिकायतों का त्वरित निराकरण और योजनाओं के क्रियान्वयन की होगी समीक्षा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान इंदौर जिले में 7 अगस्त से प्रारंभ होगा। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों तक शासन-प्रशासन की पहुंच को और अधिक सशक्त बनाना, क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से समस्याओं का मौके पर निराकरण करना, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय सुनिश्चित करना है। कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा अभियान के सफल संचालन के लिए विस्तृत आदेश जारी करते हुए 7 अगस्त से 8 जनवरी तक प्रत्येक शुक्रवार आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का कैलेंडर निर्धारित किया गया है। अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार जिले के नगर निगम, नगर परिषद एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में जिला प्रशासन, स्थानीय निकायों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे और उनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण करेंगे। साथ ही विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं, लोक सेवा गारंटी से संबंधित सेवाओं एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी। संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अभियान का नोडल अधिकारी बनाया गया है। अभियान का शुभारंभ 7 अगस्त (शुक्रवार) को जनपद पंचायत महू के अम्बाचंदन से होगा। इस अवसर पर शिविर भी आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। यदि किसी समस्या का समाधान जिला स्तर पर संभव नहीं होगा अथवा राज्य स्तर के निर्णय, नीति, बजट या तकनीकी स्वीकृति की आवश्यकता होगी तो ऐसे प्रकरणों का संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समयबद्ध निराकरण कराया जाएगा। साथ ही सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विशेष समीक्षा कर उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश भी दिए गए हैं।

# बिजली उपभोक्ता अनजान लिंक, मैसेज को पूरी तरह नजरंदाज करें



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अधिकृत संदेश पर ही ध्यान देने व अनजान मोबाइल नंबर से आए संदेशों, फाइल, वाट्सएप फाइल को लेकर अत्यंत सावधानी रखने की अपील की हैं। कंपनी ने कहा कि कंपनी वाट्सएपर बिल किसी नंबर की बजाए नाम से और अधिकृत एसएमएस स्त्रै-ए नाम से भेजती हैं, इसी तरह के मैसेज पर ध्यान दिया जाए। अन्य नंबरों से आए मैसेज, वाट्सएप व एपीके फाइल को पूरी तरह फर्जी मानकर नजरंदाज किया जाए। फर्जी संदेश, लिंक, एपीके फाइल से आपका मोबाइल तुरंत हैक हो जाएगा, मोबाइल की कमांड फर्जी व्यक्तियों के पास तुरंत पहुंच जाएगी, व आपका बैंक बैलेंस, डाटा चुरा लिया जाएगा। कंपनी ने सम्माननीय बिजली उपभोक्ताओं से सतर्क रहने का विनम्र निवेदन किया हैं। कंपनी ने कहा कि आप अपने बिजली बिल जोन, वितरण केंद्र, पेटीएम, फोन पे, गुगल पे, भारत पे, कंपनी वेबसाइट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। किसी नंबर विशेष पर कभी भी भुगतान नहीं किया जाए।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायत का त्वरित निराकरण

## उपभोक्ता को मिली 15 हजार रुपये की बुकिंग राशि वापस

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण तथा ठगी एवं धोखाधड़ी संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय स्थित खाद्य विभाग में संचालित उपभोक्ता मार्गदर्शन केन्द्र के माध्यम से शिकायत का समाधान किया गया। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू के नेतृत्व में सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत का निराकरण करते हुए शिकायतकर्ता को 15 हजार रुपये की बुकिंग राशि वापस दिलाई गई। उपभोक्ता मार्गदर्शन केन्द्र में सीएम हेल्पलाइन शिकायत माध्यम से इंदौर निवासी सचिन आर्य ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार उन्होंने 29 जनवरी को रोजगार इंदौर इंटरप्राइजेस (एपीएस इंटरप्राइजेस), लोहा मंडी से दोना-पत्तल बनाने की मशीन के लिए 15 हजार रुपये की बुकिंग राशि जमा की थी। बाद में अन्य रोजगार मिलने के कारण उन्होंने मशीन की बुकिंग निरस्त कर दी, लेकिन फर्म द्वारा बुकिंग रद्द होने के बावजूद छह माह तक उनकी राशि वापस नहीं की गई। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू के निर्देशन में शिकायत की सुनवाई की गई। मंगलवार को आयोजित उपभोक्ता जनसुनवाई में संबंधित उपभोक्ता एवं फर्म के प्रतिनिधि को बुलाकर प्रकरण का निराकरण कराया गया। सुनवाई के दौरान फर्म को उपभोक्ता संरक्षण संबंधी प्रावधानों से अवगत कराया गया तथा 'बेचा हुआ माल न वापस होगा, न बदला जाएगा' जैसी भ्रामक एवं अनुचित शर्तों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही उपभोक्ता की बुकिंग राशि तत्काल लौटाने के निर्देश भी दिए गए, जिसके पालन में फर्म ने उपभोक्ता को 15 हजार रुपये की राशि वापस कर दी।

# जय शिवशंकर कावड़ यात्रा आज शाम रवाना होगी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जयशिव शंकर कावड़ यात्रा के मुकेश जरिया ने बताया कि राष्ट्रीय लोधी महासभा, संस्था समर्थ और जय शिव शंकर कावड़ यात्रा संघ कोदरिया द्वारा आज शाम 7 बजे से शहीद भगतसिंह चौराहा कोदरिया से ओम्कारेश्वर 150 कावड़ यात्री रवाना होंगे। कल भगवान ओंकारेश्वर का अभिषेक होगा, माँ नर्मदा की पूजा की जाएगी। कल कावड़ यात्रा मोरटक्का में विश्राम करेगी। 10 अगस्त को यात्रा कोदरिया के लिए प्रस्थान करेगी।



# स्वच्छता किट का वितरण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर स्ट्रीट फूड वेंडर्स को स्वच्छता किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता देवेन्द्रसिंह और जतिन लश्करी मौजूद रहे।

# छत्रसाल मंडल से जुड़े भाजपाइयों ने की बैठक



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा पांच के छत्रसाल मंडल में मासिक बैठक के आयोजन में पदाधिकारी और जिम्मेदार भाजपाई मौजूद रहे। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में जानकारी दी गई। कैलाश पिपले, सुधीर कुल्हे, रामबाबू यादव, पुष्पेन्द्र पाटीदार, विपिन पाटीदार, भारती सहित अन्य मौजूद थे।

# मुख्य अभियंता ने जोन पहुंचकर उपभोक्ताओं से की सीधी बात

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता राजेश जैन ने राजमोहल्ला जोन का विस्तार से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लाभान्वित आवेदकों, उपभोक्ताओं से चर्चा कर योजना के तहत प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। आवेदकों द्वारा सेवाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान राजस्व संबंधी गतिविधियों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। फ्यूज काल शिकायत निवारण, राजस्व संग्रहण गतिविधियों सहित अन्य परिचालन कार्यों का जायजा लिया गया। बिजली कंपनी के सीई जैन ने ऊर्जस संबंधित सभी सेवाएं निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से उपलब्ध कराने के कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, जोन प्रभारी विशाल वर्मा को निर्देश दिए।


## सावधान जाहिर सूचना

**प्लाट/मकान क्रमांक 1 (पुराना क्रमांक 133), स्थित जूनी कसेरा बाखल, इन्दौर (म.प्र.) के भू-तल, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल सहित, जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 620 वर्गफुट है, के सम्बंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री महेश कुमार सोगानी (जैन), पिता श्री त्रिलोकचंद सोगानी, (2) श्री संदीप कुमार जैन, पिता श्री निर्मल कुमार जैन, के स्वामित्व एवं अधिपत्य का प्लॉट/ मकान क्रमांक 1 (पुराना क्रमांक 133), स्थित जूनी कसेरा बाखल, इन्दौर (म.प्र.), में स्थित है, सदर सम्पत्ति की असल श्रंखलाबद पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक 1अ/1837/61, दिनांक 18-07-1961 जो श्रीमती नाथीबाई, पति श्री मांगीलाल पाटनी के पक्ष में निष्पादित की गयी थी व पंजीकृत बंटवारा विलेख क्रमांक 13/5496, दिनांक 24.01.1989 कही गुम हो गयी होकर उपलब्ध नहीं है, जिसके संबंध में संबंधित थाने में सूचना दी जा चुकी है। उक्त सम्पत्ति (1) श्री महेश कुमार सोगानी (जैन), पिता श्री त्रिलोकचंद सोगानी, (2) श्री संदीप कुमार जैन, पिता श्री निर्मल कुमार जैन द्वारा मेरी पक्षकार बैंक में बंधक रखी जाना प्रस्तावित है।

अतः उक्त गुम हुए दस्तावेज की असल प्रति किसी के आधिपत्य में हो या उक्त असल दस्तावेज के आधार पर सदर संपत्ति पर किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्था या निकाय द्वारा भार-बोझ, किसी नयायालय की डिक्री, आदेश गिरवी आदि या अन्य किसी भी प्रकार का व्यवहार किया हो या आपत्ति हो तो वह सप्रमाण लिखित आपत्ति 7 दिवस में प्रेषित करे। अन्यथा उक्त 07 दिवस क़ी अवधि पश्चात उक्त संपत्ति के संबंध में प्राप्त होने वाली आपत्ति हमारे पक्षकार बैंक पर किसी भी प्रकार से बंधनकारक नहीं रहेगी ।

**वशिष्ठ ईनाणी, एडवोकेट**
**चेम्बर नंबर 137, प्रथम मंजिल, रामपुरावाला बिल्डिंग**
**जिला कोर्ट के सामने, इन्दौर (म.प्र.)**
**दूरभाष 0731 3549900, मोबाईल नं. 98265-05600**



## इन्दौर नगर पालिक निगम
**मोती तबेला झोन-32**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती मोहिनी पति श्री रोहित लाहिया** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 9000215352 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 522-बी स्कीम 136 इन्दौर क़े नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र. 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
**विद्युत विभाग**
E-mail: imcvidhyutvibhag@gmail.com

विज्ञप्ति क्र.: 24 /26-27/
ई टेंडर C.E/E&M

### निविदा सूचना

दिनांक: 04/08/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026-UAD-526851 04-08-2026 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 01 के अंतर्गत सिरपुर मुक्तिधाम में प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। | 01 माह ₹1,39,010/- | ₹1,000/- ₹2,800/- | 19-08-2026 5:30 P.M |
| 2 | 2026-UAD-526826 04-08-2026 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 10 के अंतर्गत विभिन्न चौराहो पर 04 नग रिंग पोल स्थापित करने संबंधी कार्य। | 01 माह ₹1,91,620/- | ₹1,000/- ₹3,850/- | 19-08-2026 5:30 P.M |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

नगर शिल्पज्ञ
नगर पालिक निगम, इन्दौर

# लंकाई स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की होगी परीक्षा

**कोलंबो।** भारतीय टीम दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए श्रीलंका दौरे पर पहुंच चुकी है। वहां की परिस्थिति स्पिन गेंदबाजों को काफी मदद करती है। भारतीय टीम को 2024 में घर में न्यूजीलैंड और 2025 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ स्पिनर्स को मदद देने वाली पिचों पर ही टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप होना पड़ा था। 2021 से श्रीलंका में खेले गए 21 टेस्ट मैचों में 75 प्रतिशत विकेट स्पिनर्स ने झटके हैं। 14 मैचों में प्रभात जयसूर्या के इस दौरान 96 तो ऑफ स्पिनर रमेश मेंडिस के 70 विकेट हैं। हम आपको भारतीय टीम के 5 प्रमुख बल्लेबाजों का स्पिन के खिलाफ टेस्ट में रिकॉर्ड बताते हैं।

### केएल राहुल

टेस्ट में केएल राहुल ने स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ 43.5 की औसत से 956 रन बनाए हैं। उन्होंने सबसे ज्यादा रन 483 रन बाएं हाथ के स्पिनर के खिलाफ बनाए हैं। अपने करियर में राहुल 13 बार स्पिनर का शिकार बने हैं।

### यशस्वी जायसवाल

सलामी बल्लेबाज यशस्वी



जायसवाल ने स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ अटैक करते हैं। अभी तक 86 की स्ट्राइक रेट औ? 73 की औसत से टेस्ट में वह स्पिन के खिलाफ 948 रन बना चुके हैं। इंग्लैंड के शोएब बशीर के खिलाफ उन्होंने सबसे ज्यादा 185 रन बनाए हैं।

### शुभमन गिल

शुभमन गिल बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ जूझते हैं। टेस्ट में 861 गेंदों पर बाएं हाथ के स्पिनर के खिलाफ उन्होंने 407 रन बनाए हैं। इस दौरान 11 बार आउट हो चुके हैं। ऑफ स्पिनर के खिलाफ उनका औसत 61.1 का है।

### ऋषभ पंत

ऋषभ पंत स्पिनर को देखते ही अटैक करते हैं। उनका स्ट्राइक रेट टेस्ट में स्पिन के खिलाफ 99 का है। 812 गेंदों पर वह स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ 33 छक्कों की मदद से 806 रन बना चुके हैं। पंत 13 बार स्पिनर की गेंद पर आउट भी हुए हैं।

### रविंद्र जडेजा

रविंद्र जडेजा भले ही ऑलराउंडर हैं लेकिन वह मध्यक्रम के काफी भरोसेमंद बल्लेबाज हैं। अपने टेस्ट करियर में स्पिन के खिलाफ उन्होंने 44 की औसत से रन बनाए हैं। हालांकि 23 बार ऑफ स्पिनर उन्हें आउट कर चुके हैं। ऑफ स्पिन के खिलाफ उनका औसत गिरकर 33 का हो जाता है।

## शफीक के शतक के बाद साजिद की घातक गेंदबाजी, मेजबान वेस्टइंडीज बैकफुट पर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में अपना शिकंजा कस लिया है। वेस्टइंडीज की पहली पारी के 344 रनों के जवाब में पाकिस्तान ने 387 रन बनाए। पाकिस्तान को इस स्कोर तक पहुंचाने में टीम के स्टार खिलाड़ी अब्दुल्ला शफ़ीक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शफीक ने पाकिस्तान के लिए 323 गेंदों में नाबाद 160 रनों की पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 15 चौके और 3 छक्के भी लगाए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक मेजबान वेस्टइंडीज ने 6 विकेट खोकर 103 रन बनाए थे, और उसकी कुल बढ़त मात्र 60 रन की है।

इसके साथ ही अब्दुल्ला शफीक ने पाकिस्तान के लिए एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। अब्दुल्ला शफीक ने 49 साल बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ उसकी ही धरती पर पाकिस्तान के लिए 150 या उससे ज्यादा रनों की पारी खेलने का कारनामा किया। शफीक को उनकी पारी में टीम के कप्तान बाबर आजम का भी बेहतरीन साथ मिला।

शतक से चूके बाबर आजम

वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में अब्दुल्ला शफ़ीक के अलावा टीम के कप्तान बाबर आजम ने भी कमाल का खेल दिखाया। हालांकि, दुर्भाग्य से वह शतक के करीब पहुंचकर आउट हो गए। बाबर आजम ने 147 गेंद में 88 रनों की पारी खेली। अपनी इस पारी में बाबर ने 10 चौके और 1 छक्का भी लगाया। हालांकि, बाबर के आउट होने के बाद पाकिस्तान की पारी बुरी तरह से लड़खड़ा गई, लेकिन निचले क्रम में साजिद खान ने 30 रनों की अहम पारी खेली, जिससे पाकिस्तान 387 रन तक पहुंच पाई। मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ वेस्टइंडीज की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने जस्टिन ग्रीव्स और रोस्टन चेज की दमदार अर्धशतकीय पारी से 344 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था।

## पुनिका, शरण्या, हुसैन और जीनेश सेमीफाइनल में

**इंदौर।** पुनिका रामपुरिया, शरण्या ठाकुर, हुसैन देवासवाला और जीनेश शर्मा ने शालेय स्क्वॉश चयन स्पर्धा में जीत के साथ अंतिम चार में प्रवेश किया।

जिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में आयोजित टूर्नामेंट में शहर के बालक और बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। स्पर्धा के आधार पर शिक्षा विभाग की जिला टीम का चयन किया जाएगा।



अंडर-14 बालिका वर्ग में द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की पुनिका रामपुरिया ने डेली कॉलेज की नव्या खंडेलवाल को 2-0 से तथा द एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल की शरण्या ठाकुर ने द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल की अनाया फतेपुरिया को 2-0 से पराजित किया। इसी आयु के बालकों के वर्ग में एनडीपीएस के हुसैन देवासवाला ने निर्मय मित्तल को 2-0 से तथा डीपीएस निपानिया के जीनेश शर्मा ने शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल के मैनी झावेरी को 2-0 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया।

अंडर-17 बालिका वर्ग में द एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल की छवि पांचाल ने अपने ही स्कूल की अलीश्मा राजपूत को 2-0 से हराया। द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की देशना रामपुरिया ने एनडीपीएस की ऋत्वी सालगिया को 2-0 से शिकस्त दी। इसी आयु के बालकों के वर्ग में डीपीएस के रक्षण भाकर ने द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल के विशेष डागरा को 2-0 से तथा श्री सत्य साईं विद्या विहार के अथर्व सिंह दासुंडी ने द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के लोकनाथ को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

अंडर-19 बालिका वर्ग में द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की खुशी सक्सेना ने वेदांश इंटरनेशनल स्कूल की निहारिका मालवीय को 2-0 से तथा श्री सत्य साईं विद्या विहार की अवनी खंडेलवाल ने सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की दृष्टि जेठवानी को 2-0 से हराया। इसी आयु के बालकों के वर्ग में एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के इब्राहिम राओटीवाला ने शुभ अग्रवाल को 2-0 से तथा सहज सलूजा ने शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल के अव्यान पाटनी को 2-0 से पराजित कर अंतिम चार में प्रवेश किया।

## चीन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे सुनील सातव

**इंदौर।** सेंट्रल इंडिया के लिए गौरव का विषय है कि इंदौर के बैडमिंटन खिलाड़ी सुनील सातव का चयन चीन में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 12वें झोंगशान/एफकेके कप 2026 के लिए हुआ है। सुनील सातव 50द्द आयु वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 10 अगस्त तक चीन के झोंगशान शहर स्थित हुआजियान बैडमिंटन क्लब में होगा। सुनील सातव का यह चयन वर्षों की निरंतर मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है। पिछले पांच वर्षों से वे मध्यप्रदेश की टीम का नेतृत्व करते हुए राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार विभिन्न टूर्नामेंटों में हिस्सा लेते आ रहे हैं। मध्यप्रदेश स्टेट मास्टर बैडमिंटन चैंपियनशिप में उन्होंने अलग-अलग आयु वर्गों में सिंगल्स, डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में लगातार विजेता एवं उपविजेता रहकर अपनी मजबूत पहचान बनाई है।

## जिला स्तरीय गो स्पोर्ट्स स्पर्धा आयोजित

**इंदौर।** मध्य प्रदेश गो स्पोर्ट्स संघ के तत्वावधान में शिक्षा शिखर स्कूल, महू में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सेमिनार एवं एक दिवसीय जिला स्तरीय गो स्पोर्ट्स स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा के समापन समारोह में लेफ्टिनेंट कर्नल शैलेंद्र कुमार एवं अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो कोच मिथिलेश कैमरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



इस अवसर पर विशेष अतिथि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कठोरवेल कुमार (तमिलनाडु) एवं समाजसेवी डॉ. लकी खंडेलवाल जी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। इस स्पर्धा में जिले के 10 से अधिक स्कूलों के 350 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रोमा बजाज द्वारा किया गया। अंत में मध्य प्रदेश गो स्पोर्ट्स संघ के सचिव निखिल बजाज ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## राज्य रैंकिंग मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा 8 अगस्त से

**इंदौर।** मध्य प्रदेश वेटरंस टेबल टेनिस कमेटी द्वारा सत्र की पहली राज्य रैंकिंग मास्टर्स टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 8 अगस्त से खेली जाएगी। मध्य प्रदेष टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में स्थानीय अभय प्रशाल में आयोजित की जाने वाली इस स्पर्धा में बड़ी संख्या में प्रदेश के विभिन्न जिलों के मास्टर्स टेबल टेनिस खिलाड़ी भाग लेंगे। उक्त जानकारी देते हुए म.प्र. वेटरंस टेबल टेनिस कमेटी के सचिव गौरव पटेल ने बताया कि स्पर्धा में पुरुष एकल वर्ग में 40द्द वर्ष, 50द्द वर्ष, 60द्द वर्ष, 65द्द वर्ष तथा 70द्द वर्ष आयु वर्ग के मुकाबले खेले जायेंगें। इसके साथ ही महिला एकल, पुरूष युगल तथा मिश्रित युगल के मुकाबलों में भी खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। स्पर्धा में विभिन्न जिलों के 125 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। चैम्पियनशिप के मुकाबले स्टेग अमेरिका की 12 टेबलों पर खेले जाएंगे। प्रमुख निर्णायक गोविंद शर्मा तथा नवीन सोनी के साथ ही 10 निर्णायको का दल स्पर्धा का संचालन करेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपनी प्रविष्ठियां 5 अगस्त तक ''बेसिक स्पोर्टस एप'' के माध्यम से ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## इंटर स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में 104 टीमें कर रही शिरकत

**इंदौर।** स्थानीय बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में आयोजित 14वीं सुनीता सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में इंदौर शहर के विभिन्न विद्यालयों की 104 टीमों के लगभग एक हजार खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिससे पूरे सप्ताह बास्केटबॉल का रोमांच देखने को मिलेगा।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राऊ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु वर्मा थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष मुक्तेश सिंह ने की। अतिथियों का स्वागत कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल ट्रस्ट के



अध्यक्ष एस के बांडी, सचिव लक्ष्मीकांत पटेल, मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के महासचिव अविनाश आनंद, ट्रस्ट के ट्रस्टी सुनील हार्डिया एवं कुलदीप हार्डिया ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर किया। उद्घाटन दिवस पर खेले गए मुकाबलों में बालिका वर्ग में एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ने पिंक फ्लावर स्कूल को 45–2 के एकतरफा अंतर से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। बालक वर्ग में इन्फेंट जीसस स्कूल ने शत अर्नाल्ड विजय नगर को 27–23 से, आर्मी पब्लिक स्कूल ने सेंट जॉर्ज पब्लिक स्कूल को 58–14 से, डीपीएस निपानिया ने वर्ल्ड पीस स्कूल को 29–13 से, मेडीकैप्स स्कूल ने एल जी अकादमी को 28–25 से, एडवांस अकादमी ने पिंक फ्लावर स्कूल को 28–4 से, सन्मती स्कूल ने सेंट अर्नाल्ड, लालाराम नगर को 50–45 से, ओमनी स्कूल ने गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल को 30–10 से, कर्नल अकादमी, महू ने सिक्का-54 स्कूल को 43–25 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# मौत खुले तारों से हुआ हादसा

## मकान मालिक की लापरवाही आई सामने, खराब और कटे वायर से लगा करंट, पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र में लापरवाहीपूर्वक बिजली का कार्य कराने और सुरक्षा मापदंडों की अनदेखी करने के मामले में पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ कि मकान मालिक द्वारा बिना किसी दक्ष इलेक्ट्रीशियन के कराया गया अधूरा व खराब काम एक युवक की मौत की वजह बना। जांच में प्रथम दृष्टया मकान मालिक की गंभीर लापरवाही पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

बाणगंगा थाना पुलिस के अनुसार, गत 6 जून को क्षेत्र में हुई गणेश चौहान नाम के व्यक्ति की संदिग्ध मौत के मामले में मर्ग कायम कर अग्रिम जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान सामने आया कि घटना वाले दिन मृतक गणेश मकान के बाथरूम में लाइट लगाने गया था। बाथरूम में नीचे पानी भरा हुआ था और वहां की वायरिंग अत्यंत खराब व असुरक्षित स्थिति में थी। लाइट लगाने के दौरान अचानक फैला जोरदार करंट लगने से गणेश गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया, जिसकी मेडिकल रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि युवक की मृत्यु बिजली का जोरदार झटका लगने से हुई है। पुलिस द्वारा मामले की सूक्ष्मता से की गई विस्तृत जांच में यह बात उजागर हुई कि मकान मालिक आनंद मौर्य निवासी आइडियल स्कूल के पास, बाणगंगा ने घर में बिजली का काम किसी तकनीकी रूप से दक्ष इलेक्ट्रीशियन से नहीं कराया था। साथ ही वहां काम करने के लिए कोई सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध नहीं कराए गए थे। जांच अधिकारियों के अनुसार, यदि मकान मालिक समय रहते वायरिंग दुरुस्त कराता या किसी कुशल कारीगर से काम लेता तो यह हादसा टल सकता था। जांच में स्पष्ट हुआ कि मृतक गणेश की मौत पूरी तरह से मकान मालिक आनंद मौर्य की घोर लापरवाही का परिणाम थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर बाणगंगा थाना पुलिस ने आरोपी मकान मालिक आनंद मौर्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

## पूर्व से दर्ज हैं शातिर आरोपी पर एक दर्जन अपराध

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हीरानगर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गश्त और चैकिंग के दौरान लंबे समय से फरार चल रहे अवैध ड्रग्स सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में पकड़े गए नशा तस्करों को ब्राउन शुगर सप्लाई करता था। आरोपी के खिलाफ इंदौर शहर के विभिन्न थानों में आबकारी और एनडीपीएस एक्ट के करीब एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।



हीरानगर थाना पुलिस की टीम इलाके में गश्त और संदिग्धों की पतारसी में जुटी हुई थी। इसी दौरान मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि पूर्व में गिरफ्तार किए गए मादक पदार्थ के आरोपियों को ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाला मुख्य तस्कर इलाके में मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित वैधानिक कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान की घेराबंदी की और घेरा डालकर आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम अजय उर्फ अज्जू यादव निवासी भागीरथपुरा बताया। पुलिस के अनुसार, आरोपी का भाई भी पूर्व में क्राइम ब्रांच द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया जा चुका है, जिस पर बाणगंगा थाना पुलिस द्वारा पिट्स एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी। हीरानगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अब रिमांड लेकर आरोपी से अवैध मादक पदार्थों के मुख्य स्रोतों, सप्लाई नेटवर्क और शहर में जुड़े अन्य साथियों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

# युवक के कंधे पर नुकीले हथियार से किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

चंदन नगर थाना क्षेत्र के आम वाला रोड पर एक युवक पर नुकीली वस्तु से हमला कर घायल करने की वारदात सामने आई है। पीड़ित अपने मौसेरे भाई के साथ दवाई लेकर लौट रहा था, तभी आरोपी ने रास्ते में मोटरसाइकिल रोककर अकारण विवाद शुरू कर दिया। मना करने पर आरोपी ने नुकीली वस्तु से हमला कर दिया और शिकायत दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर चंदन नगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

**धमकी देकर फरार हुआ आरोपी**

पुलिस के अनुसार, रामानंदनगर निवासी फरियादी कुलदीप पिता शेखर सुरागे ने थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह अपने मौसी के लड़के कृष्णा पिपले के साथ दवाई लेकर घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वे आम वाला रोड से गुजर रहे थे, तभी आरोपी साहिल पठान निवासी नाले पार, चंदन नगर ने अचानक उनकी मोटरसाइकिल रुकवा ली। गाड़ी रोकते ही आरोपी साहिल पठान फरियादी के साथ अकारण गालियां देने लगा। जब कुलदीप ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो आरोपी भड़क गया और उसने अपने पास रखी किसी नुकीली वस्तु से कुलदीप पर हमला कर दिया। वार लगने से फरियादी के बाएं कंधे पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना के दौरान जब बीच-बचाव किया गया, तो आरोपी साहिल ने साफ शब्दों में धमकी दी कि यदि इस बात की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई तो वह जान से मार देगा। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकला।

# अलग-अलग फ्लेवर की ई-सिगरेट की खेप पकड़ी

## वाहन चैकिंग के दौरान भागने की युवक ने की कोशिश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।



इंदौर। पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान प्रतिबंधित ई-सिगरेट (वेप) की खेप पकड़ी है। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे युवक को घेराबंदी कर पकड़ा लिया। उसके पास से अलग अलग फ्लेवर की ई-सिगरेट, मोबाइल और बाइक जब्त की है।

विजय नगर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि देर रात नियमित वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक बाइक सवार संदिग्ध दिखाई दिया था। पुलिस को देखकर वह भागने लगा, जिसे टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके बैग से प्रतिबंधित आईगेट बी 40000 डिस्पोजेबल वेप के चार पैकेट मिले। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान 31 वर्षीय सुमित नंद निवासी रेत मंडी कॉलोनी, औद्योगिक क्षेत्र, इंदौर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 10 हजार रुपए कीमत की ई-सिगरेट, एक एंड्रॉयड मोबाइल और घटना में उपयोग बाइक नम्बर एमपी 09 वीएन 0596 जब्त की है। आरोपी के खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। मामले में पुलिस यह पता लगा रही है कि आरोपी यह ई-सिगरेट कहां से लेकर आया था और इसके कारोबार से जुड़े अन्य लोग कौन हैं। उससे पूछताछ कर इसके स्रोत और नेटवर्क से जुड़े लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# युवती को चौराहा पर घेरा

## गवाही देने पर जान से मारने की धमकी

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने पीड़िता को सार्वजनिक चौराहे पर रोककर अश्लील गालियां दीं और परिजनों या उसके द्वारा खिलाफ में गवाही देने पर जान से मारने की संगीन धमकी दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 23 वर्षीय पीड़िता ने भंवरकुआं थाने में उपस्थित होकर आरोपी अनिल कुमार जाटव मूल निवासी वीरपुर, जिला श्योपुर, हाल मुकाम पंचशील कॉलोनी, मूसाखेड़ी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह भंवरकुआं चौराहे के पास से गुजर रही थी, तभी आरोपी अनिल कुमार जाटव ने उसे अकारण रोक लिया और गालियां देना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे खुलेआम धमकी दी कि यदि उसने या उसके परिवार के किसी भी सदस्य ने उसके खिलाफ कोई गवाही दी या शिकायत की, तो वह उन्हें जान से मार डालेगा। घटना से घबराई पीड़िता ने तत्काल पुलिस की शरण ली। भंवरकुआं थाना पुलिस ने पीड़िता के आवेदन पर मामले की जांच की और संबंधितों के कथन दर्ज किए।

# बेटी ने हड़पी विद्युत विभाग से मिली 80 लाख की राशि

## कोर्ट के आदेश पर बेटी और बुरहानपुर के रिश्तेदार पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला के साथ धोखाधड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। पति के निधन के बाद विद्युत विभाग से मिली लगभग 80 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और क्लेम की राशि को बैंक लेनदेन के बहाने बुजुर्ग महिला की बेटी ने हड़प लिया। पीड़िता को महज 36.5 लाख रुपये देकर बाकी रकम का हिसाब देने से इनकार कर दिया गया और मकान के दस्तावेज भी अपने पास रख लिए। पीड़िता द्वारा अदालत का दरवाजा खटखटाने के बाद न्यायालय के आदेश पर आजाद नगर थाना पुलिस ने आरोपी बेटी और बुरहानपुर निवासी रिश्तेदार के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फिरदौस नगर आजाद नगर निवासी फरियादिया 64 वर्षीया आशा खान उर्फ आयशा खान ने पुलिस और अदालत के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि उनके पति के इंतकाल के बाद विद्युत विभाग से करीब 80 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी। बुजुर्ग होने और बैंक संबंधी कागजी कार्रवाई की जानकारी न होने के कारण उनकी बेटी मेहरून खान निवासी फिरदौस नगर, आजाद नगर ने बैंक लेनदेन और पैसे निकालने में मां का सहयोग किया। इसी सहयोग की आड़ में बेटी मेहरून ने खाते से पूरी राशि निकाल ली और सही हिसाब नहीं दिया। पीड़िता का आरोप है कि जब उन्होंने अपनी रकम और मकान के असली दस्तावेज मांगे, तो आरोपी बेटी मेहरून ने साफ इंकार कर दिया। बाद में विवाद बढ़ने पर आरोपी ने 36.5 लाख रुपये अन्य भाई-बहनों और पीड़िता के खाते में ट्रांसफर कर दिए, लेकिन शेष बड़ी राशि का कोई हिसाब नहीं दिया और पूरी रकम हड़प ली। इस फर्जीवाड़े में आरोपी शमीम खान निवासी बुरहानपुर की भी भूमिका सामने आई। जब पीड़िता की कहीं सुनवाई नहीं हुई, तो उन्होंने अदालत की शरण ली। मामले के तथ्यों और साक्ष्यों को देखने के बाद न्यायालय ने आजाद नगर पुलिस को आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के सख्त निर्देश दिए। कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए आजाद नगर थाना पुलिस ने आरोपी मेहरून खान और शमीम खान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 316(2), 318(2) और 3(5) के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर विस्तृत अनुसंधान शुरू कर दिया गया है और बैंक दस्तावेजों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।